हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

21 मार्च, 1979

खण्ड 1, अंक 12

अधिकृत विवरण

विशय सूची

बुधवार, 21 मार्च, 1979

पृश्ठ संख्या

तारांकित प्र न एव उत्तर	(12)1
नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्र नों के लिखित उत्तर	(12)21
वैयक्तिक स्पश्टीकरण	(12)29
प्रस्ताव– लोक नायक श्री जय प्रका ा नारायण की भीघ्र अरोग्यता के लिये प्रार्थना करने संबंधी	(12)31
नियम 30 के अधीन प्रस्ताव	(12)35
मेज पर रखे गये कागज पत्र	(12)35
वर्श 1979–80 के बजट पर आम चर्चा (पुनरारम्भ)	(12)35
वाक आउट	(12)48
वर्श 1979–80 के बजट पर आम चर्चा (पुनरारम्भ)	(12)48

हरियाणा विधान सभा

बुधवार, 21 मार्च, 1979

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चंडीगढ़ मे प्रातः 9.30 बजे हुई। अध्यक्ष

(कर्नल राव राम सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एवं उत्तर

श्री अध्यक्षः मैंबर साहेबान, अब सवाल होंगे।

Checking of floods in Markanda and Tangri rivers

***1132. Shri Devender Sharma:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state—

(a) whether any steps have been taken by the Govt. to control the floods in Markanda and Tangri Rivers in Ambala District; and

(b) whether the bunds on both sides of the Markanda and Tangri Rivers have been constructed in Ambala District; if not the time by which those are likely to be constructed?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह):

(क) हां।

(ख) हां, इन नदियों पर केवल निचले क्षेत्र और नै ानल हाईवे तथा रेलवे पुलों की सुरक्षा के लिये कुछ खाली स्थानों को छोड़ कर।

श्री देवेन्द्र भार्मा: स्पीकर साहब, काले आम पुल से मारकंडा भाुरू होता है इससे कुरूक्षेत्र और अम्बाला जिले मे बहुत तबाही हो जाती है। काले आप के पुल से रेलवे लाईन के पुल तक जो जगह खाली रखी गई उसके बारे मे वजीर साहब ने कुछ नही बताया, इस एरिये मे क्या किया जा रहा है, इसको खाली छोड़ने का क्या कारण है?

श्री वीरेन्द्र सिंह: टांगड़ी और मारकंडा रिवर्ज की लम्बाई बहुत ज्यादा है। किसी वि ोश गांव से दूसरे एक गांव तक या किसी वि ोश जगह से दूसरी लगह तब बताना मु ाकल है लेकिन सवाल के जवाब मे सब कुछ बता दिया है कि कुछ गैप्स छोड़े गये है। इन बांधो की एम्बैंकमैंट का काम भी अब तक हो चुका है।

श्रीमती सुशमा स्वराज: मारकंडा और टांगड़ी नदियों के बांध का मंत्री महोदय ने वर्णन किया है, उन दोनों बांधों के अलावा कोई और योजना भी अम्बाला को बाढ़ से बचाने के लिये सरकार विचाराधीन है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः जो जरूरी ड्रेन्ज है वह भी साथ ही निकाली जा रही है लेकिन इन दोनो बांधों से और इनकी एम्बैकमैंट से काफी फर्क पड़ेगा।

श्री फतेह चंद विजः जैसा कि मंत्री महोदय ने फरमाया है कि इन नदियों के पानी से हाईवे की हिफाजत के लिये काफी बड़े गैप्स छोड़े गये है क्या इन गैप्स की वजह से तो तबाही नही हो रही है और क्या इन गैप्स को फिल अप करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः इस बार तो अन प्रैसीडैंटिड फ्लड आये है, इन दोनो रिवर्ज मे तकरीबन एक लाख क्यूसिक पानी का बहाव रहा है। इस बारे मे महकमा पूरी तरह से जागरूक है। जो गैप्स छोड़े गये हे उनको फिल उप किया जा रहा है।

चौधरी ई वर सिंहः क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि मारकंडा और टांगड़ी नदियों की बाढ़ को नियंत्रित करने का कोई प्रबंध किया गया है ? मारकंडा और टांगड़ी अम्बाला से आगे घग्घर मे मिल जाती है इन तीना के मिलने से बहाव बहुत तेज हो जाता है। जिससे कुरूक्षेत्र जिले मे बहुत बरबादी होती है। क्या सरकार के विचाराधीन कोई ऐसी योजना है जिससे इस क्षेत्र को बाढ़ से बचाया जा सकें?

श्री वीरेन्द्र सिंहः इसी लिये तो गैप्स छोड़े गये है ताकि कुरूक्षेत्र न डूबे।

श्री लहरी सिंह मेहराः क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि सरकार के विचाराधीन ऐसी योजना है कि मारकंडा पर बांध बनाया जायेगा ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः बांध का जवाब तो मैंने पहले ही दे दिया है। पानी को स्टौर करने के लिये दो बैराज बनाये जा रहे है जिनका काम 1980 मे हाथ मे लिया जायेगा।

चौधरी राजेन्द्र सिंहः मारकंडा और टांगड़ी नदियों बारि ाो के दिनो मे काफल बड़े क्षेत्र मे किसानो की फसल को तबाह कर देती है। क्या कोई योजना सरकार के विचाराधीन है कि इस फालतु पानी को इकट्ठा करके उस पानी को खेती के लिये इस्तेमाल किया जाये?

श्री वीरेन्द्र सिंहः मैंने जिक्र किया है कि पानी को स्टौर करने के लिये दो बैराज बनाये जा रहे है एक मारकंडा पर एक टांगड़ी पर।

चौधरी उदय सिंह दलालः स्पीकर साहब, मैं पहले भी मंत्री महोदय के नोटिस मे लाया था कि हर आदमी अपने इलाके मे बांध बंधवाना चाहता है। तो कहीं ऐसा न हो कि सारे का सारा पानी मेरे इलाके बादली मे आ जाये। जब तक दिल्ली सरकार जमना पर पुल बनाने का प्रबंध नही करती इस मारकंडा और टांगड़ी के पानी को वहीं का वहीं रखा जाये ताकियह आकर

बादली मे तबाही न करे। मैं मंत्री जी से यह भी कहूंगा कि ड्रेंज का काम चलते रहना चाहिए।

श्री वीरेन्द्र सिंहः मैं माननीयम मैंबर साहब को यकीन दिलाता हूं कि टांगड़ी और मारकंडा का पानी बादली मे बिल्कुल नही जायेगा।

डा. बृज मोहन गुप्ताः मारकंडा और टांगड़ी नदियों मे अम्बाला केंट के पहले ही बहुत से छोटे छोट नदी नाले मिल जाते है। सढ़ौरा मे यह नदी बहुंत खतरनाक हो जाती है और जगाधरी हल्का मे बहुत तबाही मचाती है, पिछले साल भी बहुत तबाही हुई है। क्या इसे ख्याल मे रखते हुए सरकार का इन ड्रेन्ज को पक्का बनाने का विचार है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः ड्रेन्ज के बारे मे इस समय कुछ नही बताया जा सकता।

मास्टर ि ाव प्र ाादः मारकंडा और टांगड़ी नदियों के अलावा घग्घर नदि पर बांध बनाने का कोई प्रोग्राम है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः इस समय नही है।

चौधरी भागमलः क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि जो बांध बनाये जा रहे है वे किस किस जगह बनाये जा रहे है?

श्री वीरेन्द्र सिंहः सरदारपुर मे टांगड़ी पर और घनोरा गांव मे मारकंड़ा पर पुल बनाये जा रहे है।

श्रीमती सुशमा स्वराजः आई.पी.एम. साहब ने जवाब मे बताया है कि रेलवे पुल की हिफाजत के लिये खाली जगह छोड़ी गई है परन्तु हकीकत यह है कि यही रेलवे पुल बांध बनाने मे आड़े आ रहा है । मंत्री महोदय क्या रेलवे मंत्री और पी.डब्ल्यू.डी. वालो से बात करके इस रेलवे पुल को ऊंचा करवायेंगे ताकि हम भी अपना बांध बनवा सके ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः हम रेलवे मंत्री और पी.डब्ल्यू.डी. वालो से एप्रोच कर रहे है।

श्री देवेन्द्र भार्माः अध्यक्ष महोदय, अम्बाला जिले के लोगो की सढ़ौरा से मुलाना तक हर साल हजारो किल्ले जमीन ये नदिया तबाह कर देती है। क्या सरकार ने लोगो को इस तबाही से बचाने के लिये कोई इंतजाम किया है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः गैप्स इसीलिये छोड़े जाते है ताकि पानी से नीचे के लैवल के क्षेत्रों की तबाही न हो सके कुरूक्षेत्र मे बिल्कुल तबाही न हो उसक`लिये ये गैप्स जरूरी है।

Amount as Land Revenue

***982. Chaudhri Jagit Sing Pohloo:** Will the Minister for Revenue be pleased to state to total amount received as Laand Revenue in the State during the period from 1-4-78 to 31-1-79?

राजस्व मंत्री (श्री प्रीत सिंह): भू–राजस्व को समाप्त करने पर खरीफ 1973 से लैण्ड लागू किया गया है। दिनांक 1–4–78 से 31–1–79 तक कुल 40868639 रूपये लैण्ड होल्डिंग टैक्स के तोर पर वसूल किये गये।

चौधरी जगजीत सिह पोहलू: क्या वजीर साहब बतायेंगे कि वह जो प्रौमिस था, लोगो से वायदे किये गये थे कि सारे किसानो का मुकम्मल तौर पर मालिया माफ कर दिया जायेगा उसका क्या हुआ? तो क्या हरियाणा के किसानो का मालिया माफ करने की कोई प्रपोजल सरकार के विचाराधीन है ?

श्री अध्यक्ष: ऐसी तो कोई बात नही है। कोई प्रौमिस नही किया गया था कि सारा मालिया छोड़ दिया जायेगा।

चौधरी देस राज: क्या वजीर साहब बतायेंगे कि हरियाणा मे सबेस ज्यादा लैण्ड रेवेन्यू किस जिले से आता है ?

श्री प्रीत सिंह: जिला हिसार से सबसे ज्यादा मालिया आताा है जो 71 लाख 95 हजार 707 रूपये है।

चौधरी हरस्वरूप बूराः अध्यक्ष महोदय, टैक्सिज लेने चाहिए लेकिन तब तक जब तक वे इकनौमिक हो और सरकार को फायदा हो। 1970 के बाद से किसानो से आबियाने पर भारी टैक्स लिये जा रहे है। क्या सरकार के विचाराधीन कोई प्रपोजल है कि 1970 से पहले जो टैक्स लगे हुए थे उन्ही टैक्सिज को दोबारा लागू किया जाये ?

श्री प्रीत सिंहः अब तक ऐसी कोई योजना सरकार के विचाराधीन नही है।

Purchase Centres

***1161. Sardar Tara Singh:** Will the Minister for Food and Supplies be pleased to state—

(a) the number of purchase centres recently sanctioned for the Kurukshetra district togetherwith the location and the time by which such centres are likely to be set up; and

(b) whether any centres as referred to in part (a) above are tobe set up in village Cumthala etc. in Kurukshetra district?

खाद्य तथ पूर्ति मंत्री (चौधरी गजराज बहादुर नागर):

(ए) कुरूक्षेत्र जिला मे वर्श 1978–79 मे भागल, ठोल तथा गुमथलागरू पर तीन खरीद केन्द्र खोलने के

आदे ा जारी किये गये थे। दो केन्द्रों पर इस वर्श गेहूं की खरीद की गई थी। गमथलागरू पर खरीद केन्द्र अगले वर्श चलने की सम्भावना है, जबकि मार्किट कमेटी द्वारा आव यक सुविधायें उपलब्ध की जायेगी।

(बी) हां।

सरदार तारा सिंहः स्पीकर साह, क्या मंत्री महोदय की जानकारी मे यह बात हे कि इस साल कुरूक्षेत्र जिले के बहुत सारी फसल पंजाब की मण्डियों मे बिकी है ? तो क्या मंत्री जी यह महसूस नही कर रहे कि परचेजिंग सैंटर कम होने के कारण हरियाणा की मण्डियों का अनाज हरियाणा के साथ लगने वाली पंजाब की मण्डियो मे बिका है?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने यह नही बताया कि कौन सी मण्डी को वे रैफर कर रहे है?

सरदार तारा सिंहः अध्यक्ष महोदय, कुरूक्षेत्र जिले की फसल खसत करके पेहवा मण्डी के साथ लगने वाले इलाके की फसल पंजाब की मण्डियों मे बिकी है। क्या मंत्री महोदय के नोटिस मे यह बात है, अगर है तो क्या मंत्री जी इस पर विचार करेंगे कि हरियाणा की मण्डियो का अनाज पंजाब की मण्डियों मे जाकरन बिके और हरियाणा के किसानो को कोई नुकसान न हो?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः अध्यक्ष महोदय, पिछली दफा सरकार को जितनी भी ऐसी सूचनाएं मिली है उनके अनुसार ऐसी तो कोई बात नही है लेकिन मेरे साथी मैंबर ने ही सूचना दी थी कि गुमथला मण्डी मे खरीद नही हो सकी। इसका कारण यह था कि पहले कुछ मार्किट कमेटियो ने सरकार को इस बारे मे सहयोग देना था जो कि वह इस साल नही दे पाई इसलिये वहां पर खरीद नही हो सकी। इसलिये उनका माल पंजाब की मण्डियों मे जा करके बिका था।

चौधरी राम कि ानः अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि यह परचेजिंग सटर खोलने का सरकार का क्या क्राइर्टरिया है?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः अध्यक्ष महोदय, परचेजिंग सैंटरन खोलने के लिये पहले तो मार्किट कमेटी हमें कुछ जगह तैयार करके देती है। जहां पर परचेजिंग सैंटर खोले जायेंगे वहां पर सबसे पहली बात तो जगह की है दूसरे वहां पर कच्चे पक्के खाल बनेंगे और वहां मार्किट कमेटी बिजली पानी आदि का प्रबंध करेगी तथा वहां मार्किट कमेटी का स्टाफ होगा। जब इन बातों का प्रबंध हो जाता है तो हम वहां पर परचेजिंग सैंटर खोल देते है।

श्री भाम ोर सिंहः अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय बताने की कुपा करेंगे कि जिल जींद मे दमतान और दातासिंह, दो

गांव है क्या वहां पर परचेजिंग सैंटर खोलने की स्कीम सरकार के विचाराधीन है?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः अध्यक्ष महोदय, मैं यह बात हाउस के नोटिस मे ला देता हूं कि बहुत बड़ी तादाद मे इस साल मण्डियों का हम निर्माण कर रहे है और परचेजिंग सैंटर भी खेल रहे है । उनकी लिस्ट तैयार हो रही है। इस समय इसके बारे मे नही बताया जा सकता क्योंकि लिस्ट मेरे पास नही है।

चौधरी गंगा रामः स्पीकर साहब, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि जिन गांवो की आबादी 12 या 15 हजारा की है क्या उन गांवो मे भी परचेजिंग सैंटर खोले जायेंगे और इसके साथ साथ मै यह भी जानना चाहता हूं कि जो नई मण्डियां बनेगी क्या उनमे किसानो को दुकाने खोलने के लिये कंसै ानल रेट पर जगह दी जायेगी ?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः अध्यक्ष महोदय, हमारे मुख्य मंत्री चौधरी देवी लाल जी ने यह फैसला कर लिया है कि देहात मे बहुत बड़ी तादाद मे मण्डियां बनाई जायेगी और उनमे से बहुत सारी मण्डियां इसी साल एग्जीस्टैंस मे आ जायेगी तथा वह गांवों मे ही बनाएंगे भाहरों मे नही।

श्री मंगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री जी ने नोटिस मे यह बात है कि हरियाणा का गेहूं पंजाब की मण्डियों मे जाकर बिकता है ? उसका कारण यह तो नही कि पंजाब की

मण्डियों के भाव ज्यादा होने के कारण हरियाणा की मण्डियो का अनाज वहां पर जाकर बिकता है ?

(इस प्र न का उत्तर नही दिया गया)

श्री रधु नाथ गोयलः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि मेरे हल्के मे एक गांव क्योड़क है जिसकी आबादी 16 हजार के करीब है क्या वहा पर मण्डी खोलने की कोई स्कीम सरकार के विचाराधीन है ?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः अध्यक्ष महोदय, जैसे कि मैंने अभी एक सवाल के जवाब मे बताया कि इस दफा बहुत बड़ी तादाद मे मण्डियों खोलने जा रहे है और परचेजिंग सैंटर भी खोले जायेंगे जिनकी लिस्ट तैयार हो रही है अगर माननीय सदस्य किसी खास जगह के बारे मे पूछना चाहते है तो मुझे अलग से लिख कर करके दे दे इनको सूचना दे दी जायेगी।

श्री जगन नाथः अध्यक्ष महोदय मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि भिवानी जिले मे एक बवानीखेड़ा तहसील है वहां पर कोई मण्डी नही है लेकिन लोगो से चारे का टैक्स लिया जा रहा है। अगर वह चारा टैक्स नाजायज लिया गया है तो क्या वह चारा टैक्स वापित करने की कृपा करेंगे?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः अध्यक्ष महोदय, इस सवाल का इससे कोई संबंध नही है। अगर मेरे साथी चाहते है तो लिख करके दे दे। इसके बारे मे इनको सूचना दे दी जायेगी।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): अध्यक्ष महोदय, यह चारा टैक्स कैनाल एक्ट के तहत म्यूनिसिपल कमेटियों द्वारा चार्ज किया जाता है। इस चारा टैक्स से संबंधित जो रूल है उसको कंसिडर किया जा रहा है भाायद हम इससे पीछा छुड़वा दें।

चौधरी उदय सिंह दलाल: अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय की जानकारी मे हे कि सैंट्रल गवर्नमैंट द्वारा जो गेहूं की क्वालिटी निर्धारित की जाती है उस वजह से कई बार किसानो की गेहूं रिजैक्ट कर दी जाती है और इससे उसे काफी परे ाानी का समाना करना पडता है ? हमारे पड़ोस मे पंजाब स्टेट वाले सब किसानो को उनकी गेहूं का पूरा भाव दे रहे है तो क्या हरियाणा मे भी इस पर अमल किया जायेगा ताकि किसानों को परे ाानी न हो?

चौधरी गजराज बहादुर नागर: अध्यक्ष महोदय, पिछली दफा ऐसी ि ाकायत आई थी कि गेहूं साफ नही है इस वजह से कोई ऐसा केस हो सकता है लेकिन इस बार हमने 12 मण्डियों के गेहूं साफ करने वाली म ाीनो का प्रबंध कर दिया है और मुझे मार्किट कमेटियों के चेयरमैनो ने आ वासन दिया हे कि इस बार ऐसी ि ाकायतों का मौका नही दिया जायेगा।

श्री भले राम: अध्यक्ष महोदय, जैसे मंत्री जी ने बताया कि बड़े बड़े गांवों मे मण्डियां खेली जायेंगी क्या मंत्री महोदय यह

भी बताने की कृपा करेंगे कि जिन गांवो के पास मण्डियों के लिये जमीन नही है वहां जमीन एक्वायर करेंगे या गांव वालों को देनी पड़ेगी ?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः अध्यक्ष महोदय, मण्डी खोलते वक्त हर चीज का ध्यान रखा जाता है। जो मेरे साथी ने डिवैल्पमैंट की तरफ ध्यान दिलाया है, इसका भी ध्यान अव य रखा जायेगा।

स्वामी अग्निवे ाः स्पीकर साहब, मण्डियों की आमदनी पहले जनरल पूल मे डाल देते थे और वह कहीं पर भी खर्च की जा सकती थी, लेकिन अब मुख्य मंत्री जी ने फैसला किया है कि मण्डियों की आमदनी का 70 परसैंट रूपया मार्किट कमेटी के उसी इलाके की भलाई के लिये खर्च किया जायेगा। क्या मंत्री महोदय इस घोशणा पर 1 अप्रैल से अमल करना आरम्भ कर देंगे ?

श्री अध्यक्षः यह सवाल मार्किट कमेटियों का नही है, परचेज सैंटर खोलने का है।

चौधरी गजराज बहादुर नागरः जब लीडर आफ दी हाउस ने एक बात कह दी है तो उस पर जल्दी से जल्दी अमल किया जाएगा लेकिन किस तारीख से इस पर अमल होगा, इसके लिये तारीख फिक्स करने की पोजी ान मे मैं इस वक्त नही हूं क्योंकि इस प्र न का संबधं मूल प्र न से नही है।

चौधरी देस राजः स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने कहा कि सारे हरियाणा मे परचेज सैंटर खोले जा रहे है। क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि करनाल डिस्ट्रिक्ट मे कहां कहां खोले जा रहे है?

श्री अध्यक्षः आप नोटिस दे दे, मंत्री जी जरूर बता देंगें

चौधरी लाल सिंहः क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि नारायणगढ़ और कालका मे भी किसी मण्डी खालने का विचार है?

श्री अध्यक्षः इसका नोटिस दे दे, बता देंगे।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः स्पीकर साहब, मण्डियों मे दो दो हफ्ते तक अनाज बाहर पड़ा रहता है, अनाज बिकता नही है। इस तकलीफ को मद्देनजर रखते हुए और सरकार ने जो स्पोर्ट फिक्स किया है उसको ध्यान मे रखते हुए गांव गांव मे मण्डियां खोलने का विचार है ताकि किसान को स्पोर्ट प्राईस पूरी मिले ?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः मण्डियां बनाने का विचार तो जरूर है लेकिन गांव गांव मे जाकर खरीदने की तजवीज सरकार के जेरेगोर नही है।

Roads constructed in Barwala Constituency

***976. Shri Jai Narain Verma:** Will the Minister for Public Works be pleased to state—

(a) the number alongwith the length of roads and the new roads which have been constructed during 1978-79 to date in Barwala Constituency; and

(b) the total number of roads proposed to be constructed in Barwala Constituency during the next financial year?

लोक निमार्ण मंत्री (श्री लछमन सिंह):

(ए) (I) पहले से निर्माणाधीन सड़के 2

लम्बाई जो बनाई गई 2.65

कि.मी.

(II) नई सड़के जो आरम्भ की गई 3

अर्थवर्क जो नई सड़कों पर किया गया 5.90

कि.मी.

(बी) उपरोक्त 5 सड़कों को मिला कर 9 सड़कों पर कार्य प्रगति मे होगा।

श्री जय नारायण वर्मा: अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने बताया कि पुराने जमाने से निर्माणाधीन सड़कें 2 है, 3 नई सड़कें और बनाने के लिये हाथ मे ली है और 4 सड़कों पर अभी काम

भाुरू करना है। क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि उन 4 सड़कों के क्या क्या नाम है जिनको बनाना भाुरू कना है?

श्री लछमन सिंहः मेरे पास लम्बी लिस्ट है, अगर आप कहें तो मैं पढ़ देता हूं।

श्री अध्यक्षः उचित यही होगा कि आप लिस्ट मैंबर साहब को दे दें (व्यवधान) वैसे मंत्री जी ने जवा बदे दिया हे कि इतनी किलोमीटर सड़क बन गई है, कहां से कहां तब बनी है, इसमे रैस्ट आफ दी हाउस का इन्ट्रैस्ट नही है। (व्यवधान)

श्री जय नारायण वर्माः स्पीकर साहब, बरवाला से जींद की सडक मुद्दत से निर्माणाधीन है। क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि यह सडत्रक कितने सालों से पैंडिंग पड़ी हुई है और कब तक बनाकर पूरी करेंगे ?

श्री लछमण सिंहः बरवाला से जींद तक 19.61 किलोमीटर सड़क है। 16.61 किलोमीटर सड़क 31.3.79 तब बन जायेगी और जो बकी रहेगाी उसको बनाने की जल्दी से जल्दी कोि ा ा करेंगे । (विघ्न)

चौधरी हरस्वरूप बूराः स्पीकर साहब, गांव को सड़क से मिलाने के लिये जो सड़कें बनी हुई है, वे फिरनी के नजदीक जाकर छोड़ दी गई है और इस वजह से कहीं कहीं पर दो दो, तीन तीन किलोमीटर का रास्ता रह गया है। क्या मंत्री महोदय ऐसी सड़कों को फिरनी तक बनाने की कृपा करेंगें ?

श्री लछमन सिंहः फिरनी की सड़के मेरा महकमा नही बनाता, इनको बनाना पंचायत का काम है। हम तो गांव के साथ कुनैक्ट करते है, इसके आगै गांव की चौड़ी गलियां बगैरा गांव की पंचायत बनाती है।

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, लतानी और दूजनपुर गांवों मे 5 साल पहले सड़कें बनी थी लेकिन इनमे मिसिंग लिंक्स है। क्या सरकार की कोई ऐसी स्पीम है जिसके तहत इन मिसिंग लिंक्स को अनया जाये, अगर स्कीम है तो कब तक बनाया जायेग ?

श्री लछमन सिंहः इस लिस्ट मे इन गांवो के नाम नही है, मैं पता करके बता दूंगा।

सदरार सुखदेव सिंहः स्पीकर साहब,ख कंडल से खोरी वाया हरजीपुर सड़क पिछले 30 सालों से नही बनी। इस सड़क को बनाने की मंजूरी पहले तो दे देते है लेकिन बाद मे रद्द कर देते है। क्या मी महोदय इस सड़क को बनाने की कृपा करेंगे ?

श्री लछमन सिंहः इस वक्त तो बरवाला कांस्टीयूऐंसी का मामला अंडर कंसीड्रे ान है, इसके लिये अलग नोटिस दीजिए।

श्री जगन नाथः स्पीकर साअब, भिवानी जिले की बवानीखेड़ा तहसील पिछले पांच साल साल पहले बनी थी, इसके बारे मे सी.एम. साहब को भी पता है और दूसरे मंत्री साहेबान भी

जानते है कि तहसील हैडक्वार्टर पर काफी दफ्तर बन गए है, लेकिन इसके प ि चम की तरफ 50 किलोमीटर की पूरी तक लोगों को तहसील मे आने जाने के लिये सड़के नही है। कई सड़के बनी हुई है लेकिन बीच बीच मे कई टुकड़े नही बने है और लोगो को भिवानी से होकर तहसील मे आना पड़ता है। कुछ लोग हिसार और हांसी से होकर आते है। क्या सरकार ऐसी सड़कों को बनाने के लिये टौप प्रियारिटी देगी ?

श्री लछमन सिंहः स्पीकर साहब, सी.एम. साहब ने हाउस मे यह अ योरैंस दी थी कि 1982 के इलैक ान मे जो लोग वोट लेने के लिये किसी गांव मे पैदल आये तो उसको वोट मद दो (हंसी) स्पीकर साहब, अर्ज यह है कि बहुत सारी सड़के सिंगल लिंग की बनी है और बहुत सी डबल लिंक की है। यह पोजी ान सारी स्टेट मे है। हम पहले सिंगल लिंक को बनाने मे र्पफरैंस देते है और इकसे बाद डबल लिंग को बनाते हैं अगर कहीं पर सिंगल लिंक मिसिंग हो तो बता दे, हम उस को गौर करेंगे।

श्री अध्यक्षः देखिए, मैं मैंबर साहेबान का ध्यान फिर एक महत्वपूर्ण बात की और दिलाना चाहता हूं। में मानता हूं कि बड़े बड़े जरूरी सवाल होते है लेकिन यह आप मानंगे कि बरवाला और बवानी खेड़ा का आपस मे काफी फासला है। इस लिये मेन सवाल से संबंधित जो सप्लीमैंटरी हो उसी तक मैंबर साहेबान अपने आपको सीमित रखने की कृपा करें (ोर) आर्डर प्लीज, आर्डर।

श्री दीप चंद भाटियाः स्पीकर साहब, सदरार साहब 1982 की बात कर रहे है लेकिन आपके द्वारा मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि 1982 किसने देखा है? पता नही 1982 तक हम जिन्दा रहेंगे, यह हाउस जिन्दा रहेगार या जिन्दा नही रहेगा (हंसी और भाोर)

श्री लछमन सिंहः कुछ होने वाला नही है । हम जिन्दा रहेंगे। (ाोर व व्यवधान)

(इस समय चौधरी लाल सिंह तथा कई अन्य सदस्य बोलने के लिये खड़े हुए।)

श्री अध्यक्षः चौधरी लाल सिंह जी आप बैठिये। (ाोर) देखिए, मैं मैंबर साहेबान से फिर रिक्वेस्ट करता हूं कि हाउस मे कृपया कोई ऐसी बात न कहे जो हाउस की भाान के खिलाफ हो। (विघ्न)

चौधरी लाल सिंहः स्पीकर साहब, कई गांव गवर्नमैंट की डायरैक्टरी मे नही हैं उनकी आबादी बहुत ज्यादा है लेकिन उनको अाी तक कोई सड़के नही मिली इसलिये मैं आपकी मारफत माननीय मिनिस्टर साहब से यह जानना चाहता हूं कि ऐसे गांव की सड़कों पर कब तक काम भाुरू होगा क्योंकि अफसरों से जब हम इसके बारे मे बात करते है तो वे कहते है कि उनके पास ऐसा करने के आर्डर नही है ?

श्री अध्यक्षः मेन प्र न से इस सप्लीमैंटरी का कोई संबंध नही है।

(इस समय बहुत से सदस्य प्र न पूछने के लिये खड़े हुए।)

Mr. Speaker: Last supplementary by Shri Jai Narain Verma.

स्वामी आग्निवे ाः अध्यक्ष महोदय, इस प्र न के बारे मे हाउस यह चाहता है कि इस पर आधे घंट की डिसक ान होनी चाहिए।

Mr. Speaker: Please give it to me in writing. I will consider it.

श्री जय नारायण वर्माः स्पीकर साहब, बरवाला से जींद सड़क पर एक पुल बनने को है, इसपुल की वजह से इस सडक का काम भी रूका पड़ा है। क्या मंत्री जी बतायेंगे कि इस पुल कारे बनवा कर इस सड़क को कब तक पूरा करवा देंगे ?

श्री लछमन सिंहः तारीख तो नही बताई जा सकती लेकिन मैं इसका पता करूंगा।

Block Development Officers

***1036. Dr. Brij Mohan Gupta:** Will the Minister for Development and Panchayats be pleased to state—

(a) the total number of Block Development Officers appointed after the formation of Janata Govt. in the State; and

(b) the criterion followed for the appointment of such Officers?

विकास मंत्री (ठाकुर बीर सिंह):

(ए) 19 (उन्नीस)

(बी) खंड विकास तथा पंचायत अधिकारियों की 70 प्रति ात रिक्तियां सीधी भर्ती द्वारा हरियाणा लोक सेवा आयोग की सिफारि ा पर तथा 30 प्रति ात समाज ि ाखा तथा पंचायत अधिकारियों को पदोन्नति भरी जाती है। भर्ती के लिये रखी योग्यता सदन के पटल पर रखी जाती है।

अनुबंध

हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से खंड विकास तथा पंचायत अधिकारियों के पद पर सीधी भर्ती द्वारा लगाने के लिये योग्यताएंः–

किसी भी व्यक्ति की सीधी भर्ती नही की जायेगी यदि वह निम्नलिखित योगयताएं न रखता होः–

(ए) किसी मान्यता प्राप्त वि विद्यालय का स्नातक हो।

(बी) हरियाणा सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित किया गया हिन्दी का प्र्याप्त ज्ञान होना चाहिएं

(सी) कृशि फार्म पर बतौर परोगरैसिव फारमर दो वर्श का तजुर्बा रखता हो अथवा दो वर्श का कृशि का काम करने का अनुभव और खेलों मे रूचि अतिरिक्त योग्यता होगी।

नोटः–

(1) परोगरैसिव किसान के लिये ऊपर धारा (सी) मे दिये गये अनुभव के लिये उपायुक्त से प्रमाण पत्र लेना जरूरी है।

(2) ऊपर धारा (सी) मे दी गई भार्ते एक्स्टेन् ान आफिसर कृशि, सहकारिता, समाज ि ाक्षा

तथापंचायत तथा विलेज उद्योग मे 5 साल के तजुर्बा रखने वाले को छूट दी जा सकती है। भूतपर्व सैनिको को, यदि उन्हें कृशि का प्रैक्टीकल ज्ञान हो, इस योग्यता से छूट दी जा सकती है।

(3) खेलो मे रूचि का अर्थ है कि उम्मीदवार को हाई स्कूल कालेज या टीम या किसी दूसरी मान्यता प्राप्त टीका मैंबर होना चाहिए।

(4) भूतपूर्व सैनिकों का अर्थ केवल कमी ान्ड आफिसर से है तथा इसमे इसमे एन.सी.ओज. तथा कलैरिकल काम मे लगे व्यक्ति नही आते है।

उमरः— 25 से 35 साल होनी चाहिए। उमर मे डिजविंग केसों मे छूट दी जा सकती है और सरकारी कर्मचारियों को 40 साल तक व भूतपूर्व सैनिकों को 45 साल तक छूट दी जा सकती है।

विभाग के समाज ि ाक्षा व पंचायत अधिकारियां को खंड विकास तथा पंचायत अधिकारी के पद पर पदोन्नति करने के लिये योग्यताः—

पदोन्नती द्वारा भरे जाने वाले बी.डी.पी.ओ. के पद एस. ई.पी.ओ. की पदान्नति से भरे जाते है। एस.ई.सी.ओ. को बी.डी.पी. ओ. के पद पर पदोन्नति पाने के लिये स्नातक होना अनिवार्य है परन्तु इस भार्त मे उन एम.ई.पी.ओ. को ढील दे दी जाती है

जिनकी बतौर सो ाल एजुके ान आरगेनाईजर/पंचायत आफिसर/एस.ई.पी.ओ. पांच वर्श सेवा हो चुकी हो।

डा. बृज मोहन गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, मेरे प्र न के पार्ट (ए) के उत्तर मे मंत्री जी ने 19 जवाब दिया है। मैं उनसे यह जानना चाहूंगा कि क्या ये 19 बेकैंसीज जनता सरकार बनने के बाद क्रिएट हुई या पहले से भी कुछ चली आ रही थी और दोनो मिल कर के 19 बन गई ?

ठाकुर बीर सिंहः अध्यक्ष महोदय, क्राइटेरिया तो जेसा मैंने अभी बताया 70 परसैंट और 30 परसैंट का हे लेकिन पिछली सरकार ने भर्ती सीधे करने की वजाय ऐडहौक बेसिज पर कर दी और 22 स्थान ऐडहौक बेसिज पर भर लिये। बाद मे 1975 मे 19 जगहें खाली हुई जिसके लिये पब्लिक सर्विस कमी ान ने जनवरी 1978 मे अप्वायंटमैंट करके कैंडिडेटस की लिस्ट पोस्टिंग के लिये डिपार्टमैंट के पास भेज दी । (विघ्न)

डा. बृज मोहन गुप्ताः स्पीकर साअ, 70 और 30 परसैंट के क्राइटेरिया के मुताबिक डायरैक्ट रिक्रकूटमैंट की 16 वेकैंसीज बनती है। क्या मंत्री जी बतायेंगे कि इनमे से उन्होंने कितनी वेकैंसीज डायरैक्ट रिक्रूटमैंट से फिलअप की और कितने कैंडिडेटस ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेंज के थ्रू आए है?

ठाकुर बीर सिंहः स्पीकर साहब, मैंने जैसे अभी अर्ज किया कि ये 19 की 19 वेकैन्सीज पब्लिक सर्विस कमी ान के थ्रू फिलअप की गई है। इनमे से तीस परसैंट का सवाल नही हैं क्राईटेरिया के बारे मे जो मैंने अर्ज किया वह दूसरी बात थीं उसके हिसाब से पिछली गवर्नमैंट ने उन स्थानों को नही भरा था। 22 पोस्टें उन्होंने वैसे ही भर ली । ये 19 की 19 पोस्टे पब्लिक सर्विस कमी ान के थ्रू भरी गई है। उनमे 16 और 3 का सवाल नही है।

चौधरी भागमलः क्या मंत्री जी बतायेंगे कि इउनमे कितने ि ाडयूल्ड कास्टस लिये गये और कितने बैकवर्ड क्लासिज के लिये गये? अगर इस बार कोई कमी रह गई है तो क्या वह कोटा आयंदा पूरा किया जायेगा?

ठाकुर बीर सिंहः स्पीकर साहब, ि ाडयूल्ड कास्टस की सैपरेट लिस्ट तो मैने तैयार नही करवाई है। लेकिन मैं प्रिज्यूम करता हूं कि रिजर्वड कोटे को ध्यान मे रखते हुए ही पब्लिक सर्विस कमी ान ने सिलैक ान की होगी। फिर भी मैं सदन को यह बता देना चाहता हूं कि जैसा आर्य जी ने कल एक प्र न के जवाब मे बताया था, ि ाडयूल्ड कास्टस के कोटे के बारे मे रोजस्टर सिस्टम जारी कर लिया गया है। पहले सरकार मे ऐसा नही था। जितने ि ाडयूल्ड कास्टस कंडिडेटस लिस्ट पर होंगे उनका नम्बर नैचुरली आयेगा। इस सिस्टम के अनुसार अब ऐसा है कि 2 परसैंट कोटे के मुताबिक जितने कैंडिडेटस का नम्बर

पड़ता हो, वे ले लिये जाते है। बाकी जो रह जाते है वे नैक्सट टाईम मे लिये जाते है। अब सिकी का हक नही माना जायेगा। (प्र ांसा) मिसाल के तौर पर 19 सीटों मे से चार सीटें ि ाडयूल्ड कास्टस को मिलनी चाहिए। पहले ऐसा होता था कि खाली वेकैंसीज के अगेन्सट अगर उन्हें नही लिया जाता है तो उनका हक खत्म हो जाता था और नई पोस्टिंग के वक्क उनका फिर हक बनता था लेकिन अब जो रोस्टर सिस्टम बनाया गया है इसके मुताबिक उनका हक खत्म नही होगा। सरकारी पालिसी के मुताबिक जिनका हक बनता जायेगा उनको वह मिलता जायेगा।

कंवर रामपाल सिंहः स्पीकर साहब, मंत्री जी ने अभी बताया कि 70 परसैंअ डायरैक्ट रिक्रूटमैंट से आते है और 30 परसैंट प्रमो ान से आते है। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि इन 19 पोस्टस मे प्रमो ान वालों का कितना कोटा है? क्या प्रामो ान वालो को कोई सीट मिली है या नही मिली है ?

श्री अध्यक्षः इसका जवाब ये दे चुके है। If the Hon. Minister still wants to clarifiy any point be may do so.

ठाकुर बीर सिंहः मैं इसको थोड़ा क्लीयर कर देता हूं ताकि कोई गलत फहमी न रह जाये। ये तो 19 की 19 पोस्टस पब्लिक सर्विस कमीशन के थ्रू भरी गई है। मैंने यह बताया था कि 70 और 30 का जो क्राईटेरिया था इसे पिछली सरकारने पूरा नही किया थां 14–11–78 तक जो पोजी ान थी वह यह थी कि

डासरैक्ट रिक्रूटमैंट तो 36 की थी और प्रमोटिड 53 रह गये । इसमे 66 परसैंट जो है वह डायरैक्ट रिक्रूटमैंट के जरिऐ से हो गये और 34 परसैंअ प्रमो ान से हो गये । यह जो 4–4 का गैप है इसको पूरा कर दिया जायेगा।

चौधरी राजेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, एक ब्लाक मे एक ही बी.डी.ओ. लगता है परन्तु आजकल कई ब्लाकों मे दो दो बी. डी.ओ. लगे हुए है जिसके कारण से काम सुचारू रूप से नही चल रहा है। मैं मिनिस्टर महोदय से जानना चाहता हूं कि दो लगाने का क्या कारण है और कितने समय तक एक ब्लाक मे एक ही बी. डी.ओ. के आर्डर कर दिये जायेंगे ?

ठाकुर बीर सिंहः यह बात बिल्कु ठीक है। 19 बी.डी.ओ. की रिक्रूटमैंट पब्लिक सर्विस कमी ान के जरिये हुई। इन की जगह पर जो 17 बी.डी.ओ. एडहोक पर लगे हुए थे उनको रिवर्ज कर दिया गया। उन मे से 15 ने हाई कोर्ट मे रिट दायर कर दी। वहां से रिट खारिज हो गई और उनके रिव ान के आर्डर हो गये लेकिन फिर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से स्टे हासिल कर लिया। अब एक तो जो हमने अप्वायंट किये, वे चले गये और दूसरे जो वहां एडहोक पर लगे हुए थे वे भी सुप्रीम कोर्ट के स्टे के मुताबिक जा बैठे । इस तरह से यह कम्पलीके ान पैदा हो गई। इस बारे मे हमरने एल.आर. के और एडवोकेट जनरल के दफतर से भी सलाह ली है। हमारे एडवोकेट जनरल ने जो हमारी सुप्रीम कोर्ट मे वकील है उसको कहा है कि जल्दी से जल्दी स्टे वैकेंट कराओ

ताकि दो की जगह पर एक ही लगाया जा सके। हम इस बारे मे पूरी कोि ा ा कर रहे है।

श्री जय नारायण वर्माः स्पीकर साहब, अभी मिनिस्टर साहब ने आरिक्षत कोटे की सुरक्षा की बात कही है, मैं उसके लिये उनको बधाई देता हूं लेकिन मैं मिनिस्टर महोदय से जानना चाहता हूं कि जिस प्रकार से ि ाडयूल्ड कास्ट के लिये 20 परसैंट रिजर्वे ान है इसी प्रकार से सरकार ने बैकवर्ड क्लासिज की भी रिजर्वे ान 2 परसैंट से पांच परसैंट कर दी है। क्या वही रोस्टर सिस्टम बैकवर्ड क्लासिज के लिये अपनाया गया है, यदि अपनाया गया है तो ये कौन से नम्बर पर आते है ?

ठाकुर बीर सिंहः अब नम्बर क्या बताऊं । रोस्अर बना हुआ है उसके मुताबिक नम्बर आ जायेगां

श्री अध्यक्षः मिनिस्टर साहब ठीक फरमा रहे है कि अगर 20 ऐम्पलाई लेंगे तो एक बैववर्ड का भी नम्बर भी जरूर आयेगा।

डा. बृज मोहन गुप्ताः अभी मिनिस्टर ने जवाब दिया है कि 19 पोस्टस तो पब्लिक सर्विस कमी ान के द्वारा भरी गई है परन्तु मैं मिनिस्टर साहब से यह जानना चाहता हूं कि इनमे से कितनी पोस्टस एम्पलायमैंट ऐक्सचेंज के थ्रू भरी गई और कितनी डायरेक्ट भरी गई ?

ठाकुर बीर सिंहः सारी की सारी पोस्टस पब्लिक सर्विस कमी ान से भरी गई है।

चौधरी हरस्वरूप बूराः मैं मिनिस्टर महोदय से जानना चाहता हूं कि तजन लोगो को रिवर्ट लिया था और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से स्टे ले लिया है यानी रिट एक्सैपट हो गई तो क्याउनको नये ब्लाक खोल कर एडजैस्ट किया जायेगा?

ठाकुर बीर सिंहः स्पीकर साहब, जो जयादतियां पिछली सरकार ने की है, उनको देखते हुए हमारे लइडर आफ दी हाउस ने हयूमन कंसिड्रे ान दी है। (ाोर व विघ्न)

श्री अध्यक्षः मंत्री जी जवाब दे रहे है इसलिये भाान्तिपूर्वक सुनना चाहिए।

ठाकुर बीर सिंहः स्पीकर साहब, पिछली सरकार ने उस क्राइटेरिया को तोडत्र कर एडहोक पर भर्ती कर ली और इधन सन् 1975 मे पब्लिक सर्विस कमी ान ने 19 पोस्टें एडवरटाइजमैंअ करके भर ली। गवर्नमैंट के पास पोस्टर केवल 17 थी जबकि एडहोक पर 22 पहले ही लगाये हुए थे। इस तरह से यह झगड़ा पड़ गया लेकिन फिर भी हमारे लीडर आफ दी हाउस ने हयुमन कंसीड्रे ान रखी कि जो एडहोक पर दो साल काम कर चुके है उनको भी एडजैस्ट कर दिया जाये। उन को म्युनिस्पिल कमेटियों मे डिमिनिस्ट्रेटर की आफर दी गई परन्तु उन्होंने साफ इंकार कर दिया। जहां तक उनको एडजैस्ट करने का सवाल है, पहले एडहोक वालो की रिव ार्न के आर्डर हुए है इसलिये वहां एडजैस्ट

करने का ता सवाल ही नही है। ज्यो ज्यो पोस्टस आयेगी उनको प्रमोट कर दिया जायेगा।

श्री बलदेव तायलः स्पीकर साहब, मैं मंत्री महोदय का ध्यान इस सवाल के 'ख' भाग की और दिलाना चाहता हूं। उन्होंने उत्तर मे फरमाया है कि खंड विकास तथा पंचायत अधिकारियों की 70 परसैंट रिक्तियां सीधी भर्ती द्वारा हरियाणा लोक सेवा आयोग की सिफारि ा पर तथा 30 परसैंट ि ाखा तथा पंचायत अधिकारियों की पदोन्नति द्वारा भरी जाती है। भर्ती के लिये रखी योग्यता सदन के पटल पर रखी जाती है। मंत्री महोदय ने केवल एजैन्सी बताई है कि पब्लिक सर्विस कमी ान की मार्फत चुने गये है लेकिन नियुक्ति के लिये क्या योग्यता या माप दण्ड अपनाया गया है उसके बारे मे एक भी भाब्द नही कहा है। क्या उनकी योग्यता के बारे मे भी बतायेंगे ?

ठाकुर बीर सिंहः मेरे लायक दोस्त इस बात को जरूर जानते होंगे कि पब्लिक सर्विस कमी ान जब पोस्ट एडवरटाईज करता है तो उसमे क्वालिफिके ानज भी दी हुई होती है लेकिन फिर भी मैंने सदन के पटल पर सारी इंफर्मे ान रखी है।

Creation of additional post of Insector General of Police

***1136. @Lala balwant Rai Tayal:** Will the Minister for Irrigation and Power be please to state whether two additional posts in the rank of Inspector General of Police

have been created on the transfer of the former Inspector General of Polic; if so, the justification therefor?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह):

(क) यह ठीक है कि भूतपूर्व पुलिस महा निरीक्षक के स्थानान्तरण पर राज्य मे पुलिस महानिरीक्षक के रैंक मे दो अतिरिक्त पद बनाए गये है।

(ख) यह दोनों अतिरिक्त पद प्र ाासकीय कारणो से बनाए गये है।

श्री मांगे राम गुप्ताः मंत्री जी ने सवाल के जवाब मे बताया है कि प्र ाासन के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिये दो एडी ानल आई.जी. बनाये गये है। मैं मिनिस्टर महोदय से जानना चाहता हूं कि अब जो एडी ानल आई.जी. को आई.जी. जेल लगाया है, क्या प्र ाासन का काम ठीक तरह से निभा सकेंगे ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः अगर अपको नजर आती है तो बताये।

श्री भाम ोर सिंहः क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि ती आई.जी. लगाने के बाद ला एंड आर्डर की स्थिति मे सुधार आया है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा सदन को बताना चाहता हूं कि आई.जी. पुलिस की एक ही पोस्ट है और

हमे ाा से एक ही रही है। दो आई.जी. जो प्रमोट किये है वे एक्स कैंडर पोस्टस पर प्रमोट किये है। जहां तक ला एड आर्डर की स्थिति है उसके बारे मे अभी खुद मेरे से तारीफ करके गये है कि आपका इंतजाम कमाल का था।

श्री सुमेर चंद भट्ठः स्पीकर साहब, आई.जी. की एडी ानल पोस्ट क्रिएट करने के बारे मे इरीगे ान एडं पावर मिनिस्टर साहब की और से जवाब दिया जा रहा है। मैं आपके थ्रू यह जानना चाहता हं कि क्या होम का महकमा इरीगे ान डिपार्टमैंट मे मर्ज हो गया है? क्या यह अनोमलैंस सी बात नही लगती है कि होम डिपार्टमैंट का ताल्लुक तो होम मिनिस्टर से है लेकिन जवाब आई.पी.एम. साहब दे रहे है ? इसी तरह से हैल्थ मिनिस्ट साहिबा प्रिंटिंग एंड स्टे ानरी का जवाब देती है, तो यह अनोमलैस पोजी ान क्यों है, इसका इलाज क्यों नही किया जाता है?

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, नोमिनक्लेचर फिक्स करना चीफ मिनिस्टर साहब का काम है कि किस मिनिस्टर को क्या विभाग देना हे और किस लान से जाना जाये ? अगर प्र न पूछने वाला सदस्य होम मिनिस्टर कह करके भी पूछेगा तो भी मैं जवाब दे दूंगा।

***1101. Chaudhri Shiv Ram Verma:** Will the Minister for Cooperation and Dairy Development be pleased to state whether there is any proposal unde consideration of the govt. to provide veterinary facilities to the people in the State of Haryana; if so, the steps so far taken or proposed to be taken in this behalf?

सहकारिता तथा दुग्ध विकास मंत्री (चौधरी भजन लाल): जी हां, हरियाणा राज्य के लोगों को प ाुधन केन्द्रो, स्थिर एवं चलती फिरती वैटनरी डिस्पैंसरियां/हस्पतालों के माध्यम से प ाु चिकित्सा की सुविधाएं दी जा रही है। वर्श 1978–79 मे 30 नई वैटनरी डिस्पैंसरियां खाली गई है और वर्श 1979–80 मे 20 और ऐसी डिस्पैंसरियां खोलने का प्रस्ताव है। वर्श 1978–79 मे 10 वैटनरी डिस्पैंसरिया और 10 प ाुधन केंद्रों को वैटनरी हस्पतालों एंव प्रजनन केंद्रों, जिनमे प ाु चिकित्सक कार्यरूढ है, मे परिवर्तित किया गया है और वर्श 1979–80 मे ऐसी 20 और डिस्पैंसरियों को हस्पतालो एंव प्रजनन केन्द्रों मे अपग्रेड किया जायेगा। इसके अतिरिक्त वर्श 1978–79 मे राज्य सघन प ाु विकास प्रयोजना अम्बाला, जीद, कुरूक्षेत्र तथा भिवानी जिलो मे 59 प ाुधन केन्द्र बढ़ाए गये है और इन केन्द्रों मे भी प्रथम प ाु चिकिस्सा सुविधांए दी जा रही है।

चौधरी ि ाव राम वर्मा: अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने बड़ा लम्बा जवाब पढ़ कर हमे सुना दिया है। मैं उनसे यह पुछना चाहूंगा कि पिछले साल तो इन्होंने 30 डिसपैसरियां खोली, उससे

अगले साल इन्होंने 20 डिसपैंसरियां खोलने का प्रोवीजन रखा है। इस रफतार से प ाुओं का इलाज किस तरह से सुविधाजनक हो सकेगा क्योंकि आदमी अगर बीमार हो तो उसको तो साइकिल पर या किसी और चीज पर बिठाकर ले जाया जा सकता है लेकिन यदि यह प ा बीमार हो तो एक गांव से दूसरे गांव मे ले जाना भी मु ाकल होता है? क्या मंत्री महोदय हर गांव मे प ा चिकित्सालय खोलने का प्रबंध करेगें ?

चौधरी भजल लालः अध्यक्ष महोदय वैसे तो हमने पिछले साल भी 20 डिस्पैंसरियां ही खोलनी थी लेकिन फ्लडज की वजह से हमने 10 डिस्पैंसरियां और खोलने के लिये फाइनैंस डिपार्टमैंट से रूप्या मांगा। इन्होंने रूप्या दिया इनकी बड़ी मेहरबानी । हर साल हम 20 डिस्पैंसरियां खोलते है। लेनिक अगर हमे फंडज और ज्यादा मिल जायेंगे तो हम और जयादा डिसपैंसरियां खोलेंगे। मैं वित मंत्री जी से प्रार्थना भी करूंगा कि हमें कुछ फंडज और ज्यादा अलाट करें ताकि हम और डिसपैंसरिया खोल सकें।

चौधरी हरस्वरूप बूराः स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने नी डिस्पैंसरिया भी खोली है और कुछ अपग्रेड भी की है। मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि क्या जो वे नयी डिस्पैंसरियां खोलते है या कोई अपग्रेड करते है, उनके लिये उनके पास पूरा स्टाफ अवेलेबल है या नही ?

चौधरी भजल लालः अध्यक्ष महोदय जब हम डिस्पैंसरी खोलते है या किसी को अपग्रेड करते है तो स्टाफ का इंतजाम करने के बाद ही करते है।

श्री मूल चंद जैनः क्या मंत्री महोदय यह बतायेंगे, जैसे कि उन्होंने यह बताया कि दूसरे जिलों मे तो इन्होंने काफी डिसपैंसरियां खोली है, गुड़गांव जिले मे, जो कि हरियाणा का सबसे बड़ा जिला है, एक भी डिसपैंसरी इन्होंने नही खोली है। वह जिला ऐसा है जहां पर बाढ़ भी आती रहती है जिसकी वजह से प ाुओं को बीमारियां लगती रहती है, कया वहां पर कोई नयी डिस्पैंसरी खोलने पर विचार करेगें ?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैं मैंबर साहेबान की जानकारी के लिये यह बताना चाहता हूं कि गुड़गांव जिले मे हमने सबसे ज्यादा डिस्पैंसरियां खोली है। भारत सरकार की एक स्कीम है जिस के तहत हमने 1966 से लेकर आज तक के 100 के करीब डिस्पैंसरियां अकेले गुड़गांव जिले मे खोली है।

श्री अध्यक्षः मैंबर साहेबान की अपने अपने जिले के बारे मे जो एनग्जायटी है, उसको तो मैं एप्री ीियेट करता हूं लेकिन कम से कम फैक्टस और फिगर्ज के आधार पर यहां पर सवाल पूछने चाहिये । मंत्री जी ने जैसे बताया है कि गुड़गांव जिले मे ज्यादा से ज्यादा डिस्पैंसरियां खोली है तो इस तरह से हाउस का टाईम जाया नही करना चाहिए।

स्वामी आग्निवे I: अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि जैसे उन्होंने बताया है कि फंडस बड़े सीमित है इसलिये हर जगह अभी डिसपैंसरी खोली नही जा सकती क्या जब तक स्टाकमैन सैंटर या डिस्पैंसरी हर गांव मे नही बनाई जाती, तब तक कोई मोबाईल डिस्पैंसरी बगैरा खोलने का विचार है या विचाराधीन है जिससे कि गांव के लोगो को रोज नही तो दूसरे तीसरे दिन उनके प ाुओ के इलाज के लिये सुविधा हो सके ?

श्री अध्यक्षः बहुत अच्छा सुझाव है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, 19 चलते फिरते हमने खोल रखे है। तकरीबन हर जिले मे ऐसे चलते फिरते हस्पताल है। यह हस्पताल है। यह हस्पताल बहुत अच्छी तरह से काम कर रहे है।

चौधरी हरि चन्द हुड्डाः मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि जो प ाु डिस्पैंसरियां इन्होंने खोली है, इनके खोलने का क्या क्राइटेरिया है ? क्या यह लोगो की आजादी के ऊपर या प ाुओ की आबादी के ऊपर खोली जाती है ? (हंसी) अगर प ाुओं की आबादी के ऊपर खोली जाती है तो मेरे यहां खंडवाली गांव है, उसमे प ाु ााला है जिसमे लगभग 3–4 हजार प ाु हे, क्या वहां पर खंडवाली मे एक हस्पताल खोलने पर विचार करेंगे ?

चौधरी भजन लालः पहले तो हुड्डा साहब को एक बात मैं बताऊं कि आदमियों के लिये हस्पताल खोले जाते है आदमियों के आधार पर और प ा चिकित्सालय प ाओ की गणना के आधान पर। अगर कोई आदमी बीमार पड़ जाये उये क्या प ाओ के डाक्टर के पाल इलाज के लिये ले जायेंगे ? जहां तक इन्होंने क्राइटेरिया पूछा है और उसका ताल्लुक है, कोई गांव वाले बिल्डिंग वगैरा बनाकर दे दें तो हम वहां पर डिस्पैंसरी खोल देते है यदि प ाओं की गणना ज्यादा हो और बहुत ही नजदीक और कोई दूसरी डिस्पैंसरी खोल देते है यदि प ाओं की गणना ज्यादा हो और बहुत ही नजदीक और कोई दूसरा अस्पताल न हो तो।

चौधरी देस राजः क्या मंत्री महोदय यह बतायेंगे कि हरियाणा मे कितने प ा है, कितने दूध देते है, उनमे कितनी गायें है और कितनी भैंसे है।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, स्टेट मे कुल 69 लाख 50 हजार प ा है जोकि 1977 की जनगणना के आधार पर है। इनमे से 49 लाख 70 हजार दूध देने वाले है। इनमे 24 लाख 50 हजार गायें है और 25 लाख 20 हजार भैंसे है।

चौधरी उदय सिंह दलालः स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंग कि जो फलड अफैक्टिड एरियाज है, वहां पर 4–5 महीने तक तो आने जाने के

रास्ते बंद रहते है, क्या उन इलाकों मे प्रायरिटी बेसिज पर अस्पताल खोलने पर सरकार विचार करेगी?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, जैसे कि मैंने हाउस मे पहले बताया है कि 20 डिस्पैंसरियां हमारा खोलने का पिछले साल प्रोग्राम था। लेकिन फलड की वजह से 11 डिसपैंसरियां हमने और खोली है जोकि फलड अफैक्टिड एरियाज मे ही खोली है।

चौधरी हुक्म सिंहः स्पीकर साहब, मंत्री जी ने यहां पर यह फरमाया है कि जो गांव बिल्डिंग बनाकर देंगे, हम वहां पर डिस्पैंसरी खोल देंगे, क्या सरकार के कोई ऐसी प्रोपोजल विचारधीन है कि जो गांव बिल्डिंग बनाकर नही दे सकते है, वहां पर बिल्डिंग सरकार बनाये?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, सरकार के विचाराधीन इस किसम की कोई प्रोपोजन नही है। जैसे स्कूल खुलवाने के लिये गांव मे भवन बनाकर गांव वालों को बनाकर देना पड़ता है वैसे ही डिस्पैंसरी खुलवाने के लिये भी वहां पर भवन बनाकर गांव वालों को देना पड़ेगा।

श्री जगत नाथः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी ने यह पूछना चाहता हूं कि इनकी नौलेज मे क्या यह बात है कि हिसार के अंदर संजय गांधी अपने कुत्ते का इलाज करवाने के लिये आये थे ? अगर आये थे तो क्या उनके कुत्ते का इलाज हुआ या नही

हुआ ? इलाज होने के बाद क्या उन्होंने युनिवर्सिटी मे भी एड्रैस किया था ?

श्री अध्यक्षः कुत्ते का इलाज करवाने के लिये कोई आया था या नही इसका इस सवाल से कोई संबंध नही है।

चौधरी भजन लालः इसके बारे मे तो होम मिनिस्टर साहब ही बता सकते है कि संजय गांधी आये थे या नही आये थे।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): स्पीकर साहब, जहां तक संजय गांधी के आने का सवाल है, मै बतौर होम मिनिस्टर यह बताता हूं कि वह आया जरूर था जहां तक कुत्ते के इलाज करवाने का सवाल है, वह ये बतायेंग ? (हंसी) (व्यवधान व भाोर)

कैप्टन मांगे रामः मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि क्या उनका किसी फलड अफैक्टिड एरिया मे कोई नयी डिसपैंसरी खोलने का विचार हे अगर है तो मेरे हल्के मे भिंडावास मे जहां पर मंत्री महोदय अभी अभी एलान करके आये है कि वहां पर डिस्पैंसरी बनाएंगे वहां पर कब तक स्टाफ भेज देंगे ?

चौधरी भजन लालः अप्रैल के दूसरे हफ्ते मे वहां पर स्टाफ भेज दिया जायेगा।

चौधरी ि ाव राम वर्माः स्पीकर साहब, पिछले कुछ दिनों से हम यह सुनते आ रहे है कि अगर किसी जगह इतनी

जनसंख्या होगी तो वहां पर स्कूल खोल दिया जायेगा, अगर इतनी जनसंख्या होगी तो हस्पताल खोल दिया जायेगा। क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि प ा चिकित्सालय खोलने के बारे भी कोई सीमा निर्धारित करके हर जगह पर प ा चिकित्सालय खोलने के बारे मे कोई विचार किया जायेगा ?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, सारी बात फाइनैंस पर डिपेन्ड करती है। अगर धन की उपलब्धि हो गई तो पूरी कोि ा ा करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा प ा चिकित्सालय खोले जाये। यह बात ठीक है कि आदमी अगर बीमार हो जाये तो दूसरी जगह जाकर इलाज करवा सकता है लेकिन प ा के बारे मे ऐसा करना बड़ा कठिन है। हमारी पूरी कोि ा ा है कि ज्यादा से ज्याद प ा डिस्पैंसरियां खोली जायें लेकिन सारी बात फाइनैंस पर डिपैंड करती है।

Mr. Speaker: Question Hour is over.

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्र नों के लिखित उत्तर

Upgradation of Food and Supplies Departement

***1112. Shri Devender Sharma:** Will the Minister for Food and Suplies be pleased to state with reference to the reply to Starred Question No. 296 given on the 28th February,

1978, whethe the Govt. order declaring the Food and Supplies Deptt. as 'A' Class Office has been implemneted, if not, the reasons therefor?

खाद्य तथा पूर्ति मंत्री (चौधरी गजराज बहादुर नागर): जी हां, श्रीमान जी। आदे ा कार्यान्वित किये जा चुके है।

Taking over for Schools

***1068. Chaudhri Jagjit Singh Pohloo:** Will the Minister for Education be pleased to state—

(a) the names of the schools whichy were taken over during the Emergency period;

(b) the steps taken or proposed to be taken to compensate the management of said schools; and

(c) the steps taken or contemplated to be taken to compensate the employees who suffered on this score?

ि ाक्षा मंत्री (श्री हीरा नंद आर्य):

(ए) एमरजैंसी के दौरान जो विद्यालय सरकार द्वारा टेक ओवर किये गये थे, वे निम्नलिखित है:—

(1) बी.एल.हाई. स्कूल, खोल (नारनौल)।

(2) बाल आश्रम जनता प्राईमारी स्कूल, जींद।

(3) कैंट बोर्ड हाई स्कूल अम्बाला छावनी तथा इसकी छः प्राईमरी ब्रांचे।

(4) हरियाणा भोखावती ब्रह्मचर्य आश्रम, भिवानी।

(बी) कोई कम्पैंसे ान नही दिया जाता क्योंकि सरकार द्वाराये स्कूल उनकी प्रबंध कमेटी की प्रार्थना पर टेक ओवर किये गये थे।

(सी) उपरोक्त पैरा 'बी' मे वर्णित स्थिति के आधार पर प्र न उत्पन्न नही होता।

Appointment of Naib Tehsildars

***1037. Dr. Brij Mohan Gupta:** Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) the number of Naib Tehsildars appointed in the State after the formation of Janata Govt. upto 31&1&1979;

(b) the number of appointments out of those referred to in part (a) above which have been made though the Subourdinate Service Selection Board; and

(c) the number of such appointments as have been made with consulation of the S.S.S. Board?

राजस्व मंत्री (श्री प्रीत सिंह):

(ए)	नियमित	84
	तदर्थ	2
	कुल	86
(बी)	42	
(सी)	42	

Sales Tax Tribunal

***1137. Lala Balwant Rai Tayal:** Will the Minister for Excise and Taxation be please to state—

(a) the yearwise number of appeals recived by the Sales Tax Tribunal since its inception of date;

(b) the number of case out of those referred to in part (a) above in which the decisions have been announced so far;

(c) whether the judgements in the cased referred to in part (b) above have been communicated to the concerned parties; and

(d) if not, the reasons therefor?

आबकारी तथा कराधान मंत्री (चौधरी भोर सिंह):

(ए) तथा (बी) सूचना (स्टेटमैंट) विधान सभा पटल पर रखी जाती है।

(सी) जी, हां।

(डी) प्र न उत्पन्न नही होता।

स्टेटमैंट

	(ए)	(बी)
वर्श	न्यायाधिकरण की स्थापना होने से अब तक प्राप्त अपीलों की संख्या	भाग (ए) मे वर्णित किये गये केसों मे से निर्णय लिये गये केसों की संख्या
1	2	3
31—3—68 तक	107	
1968—69	309	416
1969—70	249	249
1970—71	224	223
1971—72	251	251

1972–73	284	275
1973–74	289	175
1974–75	362	224
1975–76	341	103
1976–77	307	64
1977–78	295	33
1978–79 (28–2–79 तक)	142	2
1–3–79 से 7–3–79	4	7
कुल जोड़:	3064	2025

Provision of Drinking Water

***1102. Chaudhri Shiv Ram Verma:** Will the Minister for Public Works be plaesed to state—

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to provide drinking water under the water supply scheme to the villages where drinking water is injurious to health due to water logging; and

(b) if so, the detail thereof?

लोक निर्माण मंत्री (श्री लछमन सिंह):

(ए) नहीं जी।

(बी) प्र न पैदा नही होता।

Promotion as Deputy Superintendent in the Eudcation Departement

***1134. Captain Mange Ram:** Will the Minister for Education be pleased to state whether any person belonging to the Scheduled Castes has been promoted as Deputy Superintendent in the Education Directorate on the basis of "Reservation for Scheduled Castes" after coming into being of the State of Haryana; if so, the number thereof ?

िक्षा मंत्री (श्री हीरा नंद आर्य): नही।

Re-employment of J.B.T. Teachers

***1010. Shri Jai Narain:** Will the Minister for Education be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Govt. to provide Govt. jobs in the State to those J.B.T. Teachers who passed their training course in the last years, if so, the details thereof ?

िक्षा मंत्री (श्री हीरा नंद आर्य): जी नही।

Posting of Works Managers in Haryana Roadways Depot

***1156. Shri Mange Ram:** Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) whether it is a fact that Works Managers in all Haryana Roadways Depots are posted in the State; and

(b)if reply to part (a) above be in the negative, the names of the Depots whee the Works Managers have not been posted and the reasons therefor in each case?

मुख्य मंत्री (चौधरी देवी लाल):

(क) नही।

(ख) हरियाणा राज्य परिवहन गुड़गांवा के सब डिपो देहली, सिरसा, चण्डीगढ़, कैथल तथा भिवानी मे एक एक कार्य प्रबंधक के पद यानी 5 पद खाली है। इन पदों को पदोन्नति द्वारा भरने के केस सरकार के विचाराधीन है।

Provision of Drinking Water in the State

***1139. Shri Fateh Chand Vij:** Will the Minister for Public Works be pleased to state the district wise number of villages where the facility of drinking water has been provided during the period from 1-4-77 31-3-78 and 1-4-78 to 31-12-78, separately?

लोक निर्माण मंत्री (श्री लछमन सिंह): जिन गांवो मे 1—4—77 से 31—3—78 तथा 1—4—78 से 31—12—78 तक पीने के पानी की सुविधा प्रदान की गई है, का जिलेवार ब्यौराः—

क्र.	जिले का	1—4—77 से 31—3—78 तक जिन गांव मे पीने	1—4—78 से 31—12—78 तक जिन गांव मे पीने

	नाम	के पानी की सुविधा प्रदान की गई।	के पानी की सुविधा प्रदान की गई।
1.	अम्बाला	20	7
2.	भिवानी	6	2
3.	गुड़गांव	20	—
4.	हिसार	29	2
5.	जींद	5	1
6.	करनाल	2	—
7.	कुरूक्षेत्र	—	—
8.	महेन्द्रगढ़	30	32
9.	रोहतक	4	—
10.	सिरसा	8	11
11.	सोनीपत	1	—
	कुल जोड़:	125	55

Audit of the Cooperative Sugar Mills in the State

***1118. Rao Dalip Singh:** Will the Minister for Cooperation and Dairy Development be pleased to state—

(a) whether the accounts of the Cooperative Sugar Mills in the State have been audited during the year 1978-79;

(b) whether any embezzlement case have been detacted in the Cooperative Sugar Mills during the year 1978-79; and

(c) if so, a copy each of the Audit Reports be laid on the Table of the House?

सहकारिता तथा दुग्ध विकास मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) राज्य की सहकारी चीनी मिलों के लेखो के वर्श 1978—79 मे अभी तक आडिट नही हुए है क्योंकि ये 30—6—79 के पश्चात ही आडिट के लिये देय होंगे।

अपितु सोनीपत, करनाल और रोहतक सहकारी चीनी मिलों के वर्श 1976—77 के लेखे वर्श 1978—79 में आडिट किये गये है। रोहतक चीनी मिल का वर्श 1977—78 का आडिट कार्य प्रगति पर है। पानीपत सहकारी चीनी मिल के वर्श 1976—77 के लेखों का आडिट चल रहा है ओर आडिट जल्दी पूर्ण हो जायेगा।

(ख) नही जी।

(ग) ऊपर (ख) के उत्तर के कारण प्र न नही उठता।

Abolition of English languages as compulsory subject in the Schools

चौधरी भिाव राम वर्मा: चेयरमैन साहब, सात तारीख को, जिस दिन वित्त मंत्री जी का बजट भाशण हुआ था, सदन मे अपने ही सदस्यों की ओर से ऐसा वातावरण पैदा हो गया था, जो हमें भाोभा नही देता था, परंतु उन सदस्यों के बारे मे मैं यह समझता हूं कोइ यह कह सकता है कि वे नए थे, जो ा मे थे क्योंकि नौजवान थे, लेकिनल हमारे वित्त मंत्री जी ने जिस ढंग से अपनी बात कही और उन नौजवान साथियों को कुलक कह कर पुकारा वह भी कोई अच्छी बात नही थी। वे तो पुराने आदमी है, पुराने लैजिसलेटर है और उमर मे भी काफी बड़े है। इन्हें तो संभल कर बात करनी चाहिए थी। कुलक किस को कहते है मैं यह नही समझ पाया हूं। उनको इस भाब्द के बारे मे स्पश्टीकरण करना चाहिए कि वे इस को कहां से लाये है ? कुलकर क्या होते है और इस समय हरियाणा मे कितने कुलक है। वे इस समय इस स्थिति मे हे कि हर प्रकार की जानकारी प्राप्त करके बता सकते है। वे चिड़ कर कर रहे है मुझे एंटी किसान कहा गया है इसलिये मैंने कुलक कहा हे तो मैं इसको ठीक नही समझता । वे आज किसान को कुलक कहते है ? यदि उन पर एंटी किसान का दोश लगाया गया हे तो वे ये भाब्द कह कर साबित करना चाहते है कि वे एंटी किसान है। किसानो के बारे मे ऐसा कहना कोई अच्छी बात नही हैं आज तक सब से ज्यादा किसान को ही रगड़ा गया है और किसान ही आज सब से गरीब हालत मे है। जब जमीन पर सीलिंग हो गई कि कोई भी किसान 18 एकड़ से ज्यादा नही रख सकता हे तो फिर वह बड़ा जमींदार कैसे रह गया? कानून के

अंदर उसकी जमीन आ गई हे और वह आज उसके पास से नही निकली है तो कल को निकलने वाली है, उसको बड़ा जमींदार कैसे कह सकते है? इसलिये वित्त मंत्री जी की भावना किसानो के प्रति ठीक होनी चाहिएं उनको किसानो की स्थिति को समझना चाहिए। किसानो की स्थिति को समझे बिना हरियाणा का भला नही हो सकता। हरियाणा मे 70 परसैंअ से अधिक लोग कृशि पर गुजारा करते है। कई किसान भाई तो ऐसे है जिनके पास एक एक एकड़ जमीन है। कुछ लोग जो 18 और 20 एकड़ जमीन के मालिक है, वे भी बड़े जमींदार नही हो सकते। अगर हम किसान का भला करते है तो सारे हरियाणा का भला करते है। किसान की जेब मे पैसा जायेगा तो सारे वर्ग के लोगो कमे बंट जायेगा अगर किसान के पास पैसा नही है तो सारा हरियाणा गरीब रहेगा। हम चाहे कितनी ही योजनायें बना लें किसान का भला होने वाला नही हैं किसान की हालत को समझना बहुत आव यक है। मैं यह बात पहले भी कहा करता था और यह बात सब के सामने भी है कि सरकार दो बातें किसानों के लिये कर दे तो उनका भला हो सकता हैं एक तो उनके खेत पानी से भलें नही और दूसरे पानी बिना खेत सूखें नही। ये दोनो बातें हो जाये तो किसान इतना अनाज पैदा कर देगा कि बाहर के दे ाों से मंगाने की बजाए बाहर भेजना भाुरू कर देंगे मैं पहले भी यह बात कहता रहा हूं लेकिन पिछले कई साल मे मेरी बात सुनी नही गई। पहले इन दोनो चीजों का प्रबंध करना तो बड़ा भारी प्रोग्राम बताया जाता रहा हैं पिछली सरकार इस बारे कहती रही थी कि इसको कैसे

किया जा सकता है, यह कुदरत की बात है कि बाढ़ आ गई या सुखा पड़ गया लेकिन मैं कहता रहा हूं कि सरकार करे तो काफी कुछ किया जा सकता हैं मैं यह कहे बगैर नही रह सकता कि अब सरकार ने काफी योजनाबद्ध तरीके से काम करना आरम्भ किया है। बाढ़ नियंत्रण का काम पिछली सरकार ने उतना तीस साल मे नही किया जितना जनता सरकार ने पिछले दो सालों मे किया है। इस तरह से काम करने पर सरकार की नियत का पता लगता है कि सरकार इदस दि ाा मे प्यत्न कर रही है कि बाढ़ न आये। अगर फिर भी बाढ़ा आती है तो बेबसी की बात है। इसका पूरा प्रबध करने मे समय तो लगेगा ही परंतु रास्ता ठीक पकड़ा है।

इसके साथ साथ मैं यह भी कहूंगा कि जहां पर बाढ़ आ गई थी वहां पर बाढ़ को रोकने के लिये तुरंत कदम उठाये गये । वहां लोगों को उचित सहायता भी सरकार की तरफ से भाीर्घता से दी गई। जिसकी सहायता इस सरकार के टाईम पर दी गई है इतनी पहले कभी नही दी गई। इस बात को सभी मानेंगे चाहे वे विरोधी पक्ष के भाई है या सरकार के पक्ष के है। मैं यह बात पहले भी कहता रहा हूं कि जिस तरह से पहले सरकार प्रबंध करती थी उस तरह से लोगा का भला नही हो सकता था। हर साल बाढ़ आ जाती थी और छः महीने के प चात् चार चार धड़ी अनाज बांट दिया जाता और चालीस रूपये बाढ़ के नाम से मकान मुरम्मत के लिये दे दिये जाते थे। इस तरह से हर साल सरकार का काफी रूपया खर्च हो जाता था । जनता सरकार के आने के

प चात् तुरींत बाढ़ के पानी को निकालने का प्रबंध किया गया ओर जो जमीन बाढ़ के कारण खराब हो गई थी उसको तुरंत ठीक करवाया गयाचाहे वह ट्रैक्टर भेज कर किया या किसी अन्य तरीके से किया । सारी जमीन को ठीक करके बीजाई की। यह इससे साफ जाहिर है कि बाढ़ आने के बाद भी हरियाणा मे पैदावार बढ़ी है क्योंकि सरकान ने भीघ्रता से कदम उठाये औरजमीन को ठीक करवाया ताकि लोग बीजाई समय पर कर सकें।

चेयरमैन साहब, बाढ़ नियंत्रण की जितनी परियोजनायें जनता सरकार के आने के बाद अगले वर्शो के लिये बनाई गबई है वह भी किसी से छुपी हुई नही है। मैंने पहले वाली सरकार के समय पर यह कहा था कि सारे हरियाणा के बारे मे बाढ़ नियंत्रण का एक बार प्रोग्राम बना ले फिर आहिस्ता आहिस्ता काम करते चले जाये लेकिन उस सरकार ने इस बात पर पूरी तरह से ध्यान नही दिया। जनता सरकारने 138 करोड़ रूप्ये की योजना बनाई हैं उसमे अगले वर्श के लिये चालीस करोड़ की योजना बनाई है। इस बारे मे मैं निवेदन करूंगा कि इस बारे मे चौकस रहना आव यक है क्योंकि इसमे से कुछ रूप्या इधर उधर हो सकता है, गलत जगह पर ड्रेने बनाई जा सकती है। कहीं पर ऊंची जमीन से भी ड्रेन निकाली जा सकती है, इस किस्म की हेराफेरी हो सकती हैं पिछले दिनों एक क्वै चन के जवाब मे सिंचाई मंत्री जी ने कहा था कि रेअर केसिज मे ऊंची जगह से भी ड्रेन निकाली जा

सकती है। इस बारे मे मेरा निवेदन हे कि सरकार एक असूल बना ले कि जहां से पानी का कुदरती बहाव है वहां से ही ड्रेन को निकाला जाये चाहे किसी की कितनी ही भूमि आये। ऐसा करने से कोई झगड़ा नही हो सकता। अगर ऐसा नही कियाग या तो जो लोग ऐजैंट बने फिरते है, कुछ वकील भी है, वे दूसरे लोगो को उकसा कर कहेंगे कि मैं इस ड्रेन को वहां की बजाए यहां से निकलवा दूंगा। इस तरह से लोगो के साथ हेराफेरी करेंगे। इसलिये इन ठेकेदारो को खत्म करने के लिये एक असूल बना ले कि जहां से पानी का बहाव हो, वहां से ही ड्रेन बनाई जाये चाहे कोई कितना ही एतराज करे। ऐसा करने से पानी निकालने की समस्या हल हो जायेगी और ड्रेन भी खराब नही होगी। दूसरे भ्रश्टाचार भी खत्म हो जायेगा। इस तरह से अगर बाढ़ नियंत्रण का काम सरकार ने किया जात उसके लिये सभी लोग सरकार को बधाई देंगे।

चेयरमैन साहब, ओलावृश्टि से भी किसानो को बहु हानि हुई है उसके लिये भी सरकार भीघ्रता से सहायता के लिये आई है। मैंने सदन मे मांग की थी कि सरकार को उन्हें जल्दी से जल्दी मुआवजा देने का प्रयत्न करना चाहिए क्योंकि किसानों पर पहले से जो कर्जा हे जब तक वह वापिस नही किया जायेगा तब तक आगे कर्जा नही मिलेगा इसलिये जितनी जल्दी से जल्दी उनकी सहायता की जा सके करनी चाहिए ताकि लोग अपने पैरो पर खड़े हो सके और अगली फसल की बीजाई कर सके।

चेयरमैन साहब, जनता सरकार के आने के बाद छोटे किसानो को भी राहत देने का प्रयत्न किया गया है। छोटे किसानों का सवा छः एकड़ तक का मालिया सरकार ने माफ किया है, यह बहुत ही अच्छा कदम उठाया है। ट्रैक्टरों पर टोकन टैक्स माफ कर दिया, बिजली के फलैट रेट कर दिये और बैंकों के जो कर्जे की ब्याज दर थी वह 14 प्रति ात से घटाकर 11 प्रति ात कर दी है। यह बहुत ही अच्छे कदम सरकार ने उठाये है। लेकिन बिजली की फलैट रेट के बारे मे मैं यह कहना चाहूंगा कि 20 रूपये जो प्रति हौर्स पावर का फलैट रेट लेते है, यह बहुत ज्यादा लगता है। इसलिये इसको 12 रूपये प्रति हौर्स पावर कर दिया जाये तो ज्यादा अच्छा रहेगा। अब मैं सरकार को कुछ सुझाव भी देना चाहता हूं क्योंकि मैं समझता हूं कि मैं जल्दी जल्दी समाप्त करूं, और सदस्यों ने भी बोलना है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जो ट्रैक्टरों के मूल्य है, वे बहुत ज्यादा है। पहले के मुकाबले अब वे कम से कम दुगने हो गये है। पहले ट्रैक्टर 22 हजार मे मिलता था वह अब 45,60 हजार मे मिलता है। जो दरमियाने ट्रैक्टर या छोटे दरमियाने ट्रैक्टर है, उनको हमें किसान को मुहैया करवाने का प्रयत्न करना चाहिए। जो दो रि ायन ट्रैक्टर एक तो बाई लार्स ओर दूसरा डी.टी. 14 है, इनमे से डी.टी. 14 ट्रैक्टर तो जो बिल्कुल छोटे किसान है उनके लिये ओर जो बाई लार्स ट्रैक्टर है, यह मीडियम किसान के लिये मंगवाने के लिये हमारी सरकार को भारत सरकार से आग्रह करना चाहिए ताकि खेती का काम अच्छी तरह से हो सके। आज किसान यह समझता है कि हल से जोतना

इतना सफल नही है। वह यह समझता है कि बैलों के हल से खेती पूरी सफलता से नही की जा सकती। मैं इस बारे मे एक और समस्या जो आम तौर पर किसानों को आती है, वह बताना चाहता हूं। वह यह है कि कृशि मजदूर समय पर नही मिलते। बहुत मु ाकल रहती है। किसानो को जब जरूरत होती है, उन्हें मजदूर नही मिलते। इसलिये मेरा कहना यह है कि कम्बाईन थ्रै ार्ज का भी जितना ज्यादा से ज्यादा और तरीके से मंगाये, लेकिन मेरा कहना यह है कि किसानो की दिक्कत को दूर करने के लिये कम्बाईन थ्रै ार्ज ज्यादा से ज्यादा मंगाये जाये। फसल पैदा होने के बाद एक दाना भी खराब न हो, इसके लिये यह जरूरी है कि कम्बाईन थ्रै ार्ज हो। जब फसल पुराने ढंग से ही काटकर उसको गाहते है तो इस के मुकाबले कम्बाईन थ्रै ार्ज से प्रति एकड़ एक क्विंटल या दो क्विंटल के करीब फसल ज्यादा निकलती है। एक दाना भी बेकार नही जाता। भूसे के अरेंजमैंट के लिये हरे चारे का प्रबंध हो सकता है। साईंसदान भी यह कहते है कि जानवरों के लिये भेसा नही हरा चारा बारह मास मिलना चाहिए। इसके अलावा एक सुझाव मै और देना चाहूंगा। अपने भूमि के ऊपर की सीलिंग तो कर दी लेकिन अनुत्पादक जोत के बोर मे अभी तक हमने विचार नही किया। कम से कम गुजारे के लिये कितनी जमीन एक व्यक्ति के पास होनी चाहिए, इस बारे मे मैं यह सुझाव दूंगा कि 4 हैक्टेयर तक की जोत उचित है। अगर किसी व्यक्ति क`पास इससे कम जमीन हो तो उसका आगे के लिये बंटवारा समाप्त किया

जोयं यह बात इस नयी सरकार को तो कम से कम चोचनी चाहिए। हम आज तकसीम पर तकसीम करते जा रहे है। एक किल्ला अगर किसी के पास है ओरउसके दो लड़के है तो आधा आधा किल्ला बंटता है, अगर चार लड़के है तो एक चौभाई होगा। इस छौटे से जमीन के टुकड़े से किसी का भी गुजारा नही होता । मैं यह चाहूंग कि 4 हैक्टेयर के बारे किसी भी तरह से उसके टुकड़े नही किये जाये। अगर किसी के चार लड़के है और उसके पास 4 हैक्टेयर जमीन है तो एक लड़के को जमीन देकर बाकी के लड़को को सरकार जैसे फैक्ट्रियां लगा रहा है, उनके लिये इस प्रकार का कोई न कोई रोजगार का प्रबंध किया जाये। आप देखिये, आजकल हो क्या रहा है कि 4 हैक्टेयर से कम जमीन वालो का गुजारा नही हो रहा है।

श्री सभापतिः अब आप वाइंड अप कीजिये। आपने काफी समय ले लिया है।

चौधरी ि ाव राम वर्माः मैं तो सभापति जी, पहले ही जल्दी जल्दी कर रहा हूं। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि लड़कियो का हिस्सा उनके बाप की जायदाद मे से नही, उसके पति की जायदाद मे से होना चाहिए। इसके गांव मे बहुत से झगड़े समाप्त होंगे। आज सारे के सारे किसान इस बात का इंतजार कर रहे है कि कब यह सरकार घोशणा करेगी कि इस किस्म का कानून बन गया है। मैं सरकार से यह प्रार्थना करना चाहूंगा कि सरकार किसानो के भले के लिये बहुत ठीक से काम कर रही है, इसलिये

इस तरफ भी सरकार के भले के लिये बहुत ठीक से काम कर रही है, इसलिये इस तरफ भी सरकार को गोर करना चाहिए । एक बात ओर मैं सरकार का और ध्यान दिलाना चाहता हूं। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि किसानों की उपज का उचित भाव आज तक भी उन्हे नही मिला। दूसरे लोगो के बारे मे तो मैं कुछ कहूं तो अच्छा नही लगता लेकिन एक किसान ही ऐसा वर्ग है जो न तो अपनी चीज का उचित भाव ले सकता है और न ही जो चीज वह खरीदता है उसका भाव वह कम करवा सकता है । दोनो तरफ से वह पिस रहा है। इसलिये सरकार को किसान को उसकी उपज का उचित भाव दिलाने के लिये प्रयत्न करना चाहिए। पिछले सै ान मे जब असैंबली का सै ान हुआ था, तो मेरेा एक प्र न का उत्तर मे सरकार की ओर से यहां पर यह बताया गया था कि गेहूं की लागत खर्च पिछले साल 1978 मे 127 रूपये 50 पैसे निकलता था। सरकार आज भी किसानों को उसकी उपज का मूल्य जो दे रही है वह 112 रूपये 50 पैसे है। अगर हम इस 112 रूपये 50 पैसे के मूल्य को ऐसा मूल्य मान ले जो कि सब किसानों को मिल जाता है तो भी उसको 15 रूपये क्विंटल का घाटा है। इसके अलावा उसको गुजारा चलाने के लिये कम से कम 10 प्रति ात और ज्यादा मिलना चाहिए था। मेर कहने का मतलब यह है कि उसको 140 रूपये प्रति क्विंटल मिलना चाहिए था। अगर हम उसे 140 रूपये का भाव कम से कम दिलवाये तो उसका कुछ भला हो सकता है। यह जितने टैक्स आप लगाते हो, यह इनडायरैक्टली किसान के ऊपर ही तो पड़ते है। क्येांकि वह अपनी

जिंस का ज्यादा भाव ले नही सकता ओर जो चीज वह खरीदता है उसका वह कम भाव करवा नही सकता। पिछले दिनो सन् 1973 मे चौधरी देवी लाल जी के नेतृत्व मे हमने एक आंदोलन किया था और इस वजह से हम कई बार जेलो मे भी गये हैं उस समय उस आंदोलन के कारण अगले साल कुछ भाव बढ़ाया गया था। गेहूं का कुछ भाव बढ़ने की वजह से उन्हें कुछ फायदा भी हुआ था। लेकिन उसके एकदम बाद खाद के भाव बढ़ गये। पहले जो यूरिया का एक बैग 53 रूपये का था वह एकदम बढ़कर 104 रूपये का हो गया इसी तरह से डी.ए.पी. का कट्टा जो पहले 66 रूपये का आता था वह भी 152 रूपये का हो गया। इधर उसकी फसल 105 रूपये क्विंटल बिकी थी तो उसको खाद के भाव भी बहुत ज्यादा देने पड़ गये थे। एक तरफ से जो उन्हें राहत दी गयी थी, वह दूसरी तरफ से निकाल ली गयी। इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि किसान को आत भ लाभकारी मूल्य नही मिल पा रहा है। इसका कारण मैं यह समझता हूं कि हमारा नेतुत्व कमजोर हैं वे बेचारा घाटा खाते हुए भी पैदा करता रहता है। कभी हड़ताल नही करता, कभी बंद नही करता। अगर वह बोना बंद कर दे तो फिर खाने के लिये, उसके अपने गुजारे के लिये भी उसके पास गुंजाइ ा नही है। मैं चौधरी देवी लाल जी को वह दिन याद दिलाना चाहता हूं जब हम जेलो मे थे और वे सी क्लास मे भी रहे है। सरदार प्रका ा सिंह बादल जो आज पंजाब के मुख्य मंत्री है वे भी जेलों मे रहे है और चौधरी चरण सिंह भी केंद्र मे वित्त मंत्री है। यदि अब किसान को लाभदायक भाव न मिले तो कब

मिल पायेंगे ? मैं सरकार से किसानों के लिये कोई अन्यायोचित बात नही मांग रहा हूं। मैं तो यह कह रहा हूं कि किसानो को न्याय दिलाया जाये। जो उनका अधिकार है। वह उन्हें मिलना चाहिए। इसलिये आपको लड़ाई करनी चाहिए, नही तो किसान की हालता बुरी से बदत्तर होती जायेगी। मैं आपको एक सुझाव और रखना चाहता हूं कि किसान जो खेत मे बसना चाहते है, उनके लिये मकान बनाने के लिये बिना ब्याज के कर्जा दिया जाये। जो खेत मे किसान रहते है, उसकी ज्यादा नही तो सवाई पैदावार हो सकती है। 20–25 प्रति ात तक तो डैफिनेट बढ़ सकती है। इसलिये सरकार से मैं यह निवेदन करूंगा कि आवास की समस्या को गांवों मे हल करने के लिये किसानो को जो खेत मे रहना चाहते है, उनको वहां पर मकान बनाने के लिये बिना ब्याज के ऋण दिया जाये। इससे एक तो आवास की समस्या खत्म होगी और दूसरे पैदावार बढ़ेगी। अगर बहुत से किसान खेतों मे जा बसेंगे तो आपको तथा दे ा को इस तरह से दो दो फायदे है।

श्री सभापतिः अब आप वाइंड अप कीजिये।

चौधरी ि ाव राम वर्माः मैंने तो अभी कुछ ही मिनट बोला हूं। मुझे कृप्या और बोल लेने दीजिये।

श्री सभापतिः आपको बोलते हुए 25 मिनट हो चुके है। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी ि ाव राम वर्मा: इसलिये जो लोग खेती पर बैठे हुए उनको सरकार वि ोश ध्यान रखे। उनको बिना ब्याज के कर्जा दिया जाये। वह पेसा आपको अव य मिलेगा क्योंकि जिसके पास दो एकड़ जमीन भी हे वह पैसा वापिस आने मे कोई कठिनाई नही है। सरकार का पेसा मरेगा नही। चेयरमैन साहब, आपने देखा होगा कि कभी बाढ़ आ जाती है, कभी ओले पड़ जाते है और कभी किसी और तरह का नुक्सान हो जाता है। इसलिये मेरा सरकार को सुझाव है कि सरकार कृशि के लिये नुक्सान हो जाता है। इसलिये मेरा सरकार से सुझाव है कि सरकार कृशि के लिये बीमा योजना लागू करे। जिस तरह एक अभूतपूर्व ढंग से इस समय सरकार ने ओलो से फसल नश्ट होने पर 100, 200, 300 रूपये प्रति एकड़ सहायता किसान को देने की घोशणा की है जिसका एक हजार या आठ सौ रूपये का नुक्सान हो गया उसको सरकार तीन सौ रूपया दे देगी तो इससे किसान की पूरी सहायता होकर उसे संभलने का अवसर तो मिलेगा परंतु इस प्रकार उसकी हालत पूरी तरह से सुधरेगी नही। अपनी हालत किसान खुद सुधारने की कोि ा ा तो करता है लेकिन जितनी सुधरनी चाहिए उतनी नही सुधरती है। अगर सरकार वाकई उनकी हालत सुधारना चाहती है। तो बीमा योजना लागू करे। चेयरमैन साहब, मैं एक बात और कहना चाहता हूं और वह यह है कि अब तक जो रिजर्वे ान है यह जात पात के आधार पर है उसकी वजाये जात पात के आधार बदलकर आर्थिक आधार पर किया जाये। इससे जातपात का नाम भी मिटेगा और चाहे किसी भी वर्ग के कमजोर

लोग होंगे उनकी सहायता हो सकेगी। इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वह चार या पांच हजार रूपये प्रति वर्श आय की कोई सीमा निर्धारित कर दे कि जिन लोगों की आमदनी इतने से कम होगी उनको नौकरियों मे रिजर्वे ान दिया जायेगा तथा अन्य प्रकार की सुविधायें दी जायेगी। इससे हर गरीब आदमी का भला होगां चेयरमैन साहब, मैं एक और बात कहना चाहता हूं। एक तो सरकार ने भूमि कर बढ़ाया है उसको समाप्त करना चाहिए। इस बारे मे विचार भी नही आना चाहिए। मैं चौधरी देवी लाल जी को याद दिलाना चाहता हूं कि एक बार कांग्रेस की सरकार ने इसको बढ़ाने की बात की थी तो उस समय इसके खिलाफ आंदोलन करने की बात सोची गई थी। अगर हम इसको बढ़ाते है तो यह उचित बात नही है और लोग कहेंगे के पहले तो इस बढ़ौतरी के खिलाफ आंदोलन करते थे और अब खुद ही उस टैक्स को बढ़ा रहे हैं दूसरा टैक्स इस सरकार ने आबियाने पर बढ़ाया है। पता नही कि हमारे वित्त मंत्री श्री मूल चंद जैन किस लाइन परसोचते है। 1967 मे ये वित्त मंत्री बने थे और उस समय भी आबियाना बढ़ाने का प्रस्ताव लाए थे। उस वक्त भी उनको बताया गया था कि किसानो की हालत को समझिये और किसान के ऊपर टैक्स नही लगाना चाहिए। आप जो टैक्स किसान पर लगायेंगे वह किसान को ही देना पड़ेगा। वह किसी दूसरे से वसूल नही कर सकता। अगर आप किसी दूसरे पर टैक्स लगायेंगे तो वह दूसरे पर पड़ता है लेकिन किसान पर लगाया हुआ टैक्स किसान को ही देना पड़ता है। हलवाइयों पर जो टैक्स आपने लगाया है वह तो

अपने ग्राहकों से वसूल कर लेगा। चेयरमैन साहब, मैं आपको इसकी मिसाल देना चाहता हूं । एक दफा एक आदमी एक हलवाई के पास लड्डू खरीदने गयां उस हलवाई ने कहा कि भई अपना पल्ला फला । ग्राहक ने कहा कि मेरा कपड़ा चिकना हो जायेगा। हलवाई कहने लगा कि अगर तेरा कपड़ा ही चिकना होने लगा तो फिर मैंने क्या कमाया। मतलब यह है कि हलवाई ने निरी खांड लपेट रखी थी। चेयरमैन साहब, मेरा कहने का मतलब यह है कि हलवाई तो उस टैक्स को ग्राहक से पूरा कर लेगा। वह घी कम लगायेगा या घटिया घी लगायेगा, चीनी ज्यादा लगा देगा लेकिन किसान के ऊपर लगा टैक्स तो किसान को ही देना पड़ेगा।

श्री सभापतिः वर्मा जी आपको बहुत समय हो गया है। अब आप खत्म करे।

चौधरी ि ाव राम वर्माः चेयरमैन साहब, अब मैं ि ाखा के बारे मे कहना चाहता हूं । ि ाक्षा मिडिल स्कूल और हाई स्कूल तक तो ि ाघ्रता से बढ़ानी चाहिए और खास तौर से लड़कियों की ि ाक्षा को खूब बढ़ाना चाहिए। तकनीकि ि ाक्षा को भी काफी प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इस समय जहां पर भी तकनीकी ि ाक्षा दी जा रही है वहां पर दुगनी सीटस पर देनी चाहिए। इस समय स्टेट मे जो पोलिटेक्नीक चल रहे है उनकी तादाद दुगनी कर देनी चाहिए और उनमे जो विद्यार्थी प्रवे ा के लिये जाते है उनकी तादाद भी निर्धारित सीटस से दुगनी कर देनी चाहिए।

श्री सभापतिः वर्मा जी, अब आप खत्म करें। जितना टाईम आपको दिया जाना चाहिए था वह आपको मिल चुका है। अब आप बैठ जायें। श्रीमती भाान्ति देवी ।

चौधरी ि ाव राम वर्माः चेयरमैन साहब, अब मैं ला एंड आर्डर की बात कहना चाहता हूं (ाोर).....

श्री सभापतिः आप बैठ जाइयें आपका समय समाप्त हो गया है।

चौधरी ि ाव राम वर्माः ला एंड आर्डर की पोजी ान यह है कि मंत्री का भय एस.पी. को नही है। एस.पी. का भय थानेदार को नही है और थानेदार का भय बदमा ाो को नही है। इसलिये ला एड आर्डर की स्थिति खराब है.....

श्री सभापतिः वर्मा जी अब आप बैठ जाइये। मैंने दूसरे मैंबर को काल अपौन कर लिया है (व्यवधान) I am on my legs. Kindly sit down.

चौधरी ि ाव राम वर्माः बस मैं एक मिनट और बोलना चाहता हूं...

श्री सभापतिः नही, अब आप बैठ जाइये।

चौधरी ि ाव राम वर्माः अच्छा जी, मैं बैठ जाता हूं। आपा धन्यवाद।

श्रीमती भाांति देवी (कैलाना): चेयरमैन साहब, मैं आपके माध्यम से श्री मूल चंद जैन जो हमारे प्रदे ा के वित्त मंत्री है, ने जो बजट सदन के सम्मुख रखा है उसके बारे मे अपने विचार रखना चाहती हूं । चेयरमैन साहब, कई दिनो से इस बजट पर चर्चा चल रही है और हमारे जनता विधायक बड़े जोरो से इसका समर्थन कर रहे है और इसके बारे मे कुछ सुझाव भी दे रहे है। चेयरमैन साहब, जैसे ही बजट की कापी हमारे हाथों मे आई, प्रैस गैलरी की ओर से एक बात सुनाई दी कि यह बड़ा साहसिक बजट है। चेयरमैन साहब, यह गौर करने की बात है कि किसी कारण उन्होने इस बजट को साहसिक बजट कहा है। उसके दिमांग मे यह बात कैसे आई, यह सोचने वाली बात है। सब मानते हे कि हरियाणा के अंदर किसान और मजदूर की सरकार है, उनका राज्य है। चेयरमैन साहब, मैं यह मानती हूं कि बजट का अधिका ां भाग आज बिजली और सिंचाई के ऊपर और किसानो के ऊपर खर्च किया जा रहा है इसमे कोई दो राय नही है किंतु जैन साहब से बड़ी अपेक्षाएं थीं। चेयरमैन साहब, जब ये विधायक थे, मंत्री बनने से पूर्व बड़ी बड़ी बातें किया करते थे और अधिकारो के लिये बड़ा बोला करते थे। जब बजट पे ा हुआ तो प्रैस वालो को आ चर्य हुआ और मुझे भी यह देखकर आ चर्य हुआ कि उन्होने सब से पहले किसान के ऊपर टैकस लगाया है। क्यों लगाया है क्योंकि इनको पता है किसान मासूम है। चेयरमैन साहब, जैसा कि अभी वर्मा जी ने बताया है कि अगर किसान के ऊपर टैक्स लगता हे तो वह उसी को देना पड़ेगा और अगर किसी दूसरे पर टैक्स लगाता

है तो वह अपने ग्राहको को खांड का लौथड़ा बनाकर दे देता है लेकिन चेयरमैन साहब, किसान के साथ ऐसी बात नही है। पिछले साल जब चौधरी सतबीर सिंह ने बजट पे ा किया था तो उन्होंने भी जल के ऊपर दस प्रति ान अधिभार लगाया था लेकिन बाद मे उस दस प्रति ात अधिभार को वापिस लिया गया था और मैं समझती हूं कि हाउस की भावनाओं को देखते हुए जैन साहब इसको वापिस लेंने और हो सकता है कि इन्होंने ऐसा निपर्णय कर लिया होगा। अगर ऐसा निपर्णय नही किया है तो कर लेना चाहिए। यह बहुत अच्छी बात होगी। जैन साहब, दूसरी बात यह है कि बजट के पूर्व आपकी जो छवि थी वह बड़ी सुंदर छवि थी लेकिन बजट पे ा होने के बाद वह छवि धूमिल हो गई हैं मुझे पता नही कि आपने मुख्य मंत्री महोदय की सलाह ली थी या नही या स्वयं ही यह बोझा अपने ऊपर ले लिया। मैं सोचती थी कि सलाह ली थी या नही स्वयं ही यह बोझा अपने ऊपर ले लिया। मैं सोचती थी कि जैन साहब बड़ी सूझ बूझ के आदमी है, इंटेलीजेण्ट है, वे बहुत ही दूर अंदे ाी कर भार लगाएंगे लेकिन जैन साहब ने जो उन बड़े उद्योगपतियों को छोड़ा है जोकि दिल्ली और फरीदाबाद मे बड़े बड़े उद्योगो के मालिक है और मजे लूट रहे है, कारो मे चलते है, करोड़ो की सम्पति के मालिक है, जिनके कुत्ते भी दूध पीते है बल्कि उनके स्थान पर उन गरीब आदमियों को छेड़ा गया है जिनके पास रहने के लिये मकान नही है, खाने के लिये कुछ नही, पहनने के लिये कपड़ा नही है.....(ाोर).

.....

डा. वृज मोहन गुप्ताः चेयरमैन साहब, हमारी आदणीय बहन जी ने यहां हाउस मे इंडस्ट्रीयलिस्ट की बात कहीं है कि वे मजे लूट रहे है। मजे की परिभाशा मेरी बहन समझाने की कृपा करेंगी ?

श्रीमती भाांति देवीः चेयरमैन साहब, अगर डाक्टर बृज मोहन 'मजे' की परिभाशा जानते तो बड़े अफसोस की बात है। फिर इन को हरियाणा के अंदर नही रहना चाहिये। इनको तो दिल्ली और फरीदाबाद के अंदर जाकर रहना चाहिए। मैं कह रही थी कि जो बड़े बड़े इंडस्ट्रीयलिस्ट है, वे कारो मे घूमते हे, मजे लूटते है और उनके तो कुत्ते भी दूध पीते है लेकिन हमारे हरियाणा के अंदर बच्चो को लस्सी भी नही मिलती है, फिर डाक्टर बृज मोहन जी पूछते है कि मजे की परिभाशा क्या है ? चेयरमैन साहब, आज किसान की हालत बड़ी नाजुक है, वह कहीं तो पटवारी से पीड़ीत है.....(ाोर व व्यवधान)

श्री सभापतिः देखिये, मैं बिजिटर्ज गैलीरी मे बैठे हुए लोगा से प्रार्थना करूंगा कि वे यहां पर किसी किस्म का भाोर या तालियां न बजाये।

श्रीमती भाांति देवीः तो मैं कह रही थी कि कृशक आज बुरी तरह से पीड़ित है कहीं जिलेदार से पीड़ीत है, तावान से पीड़ीत है और दूसरी तरफ उनके इलाके को बेलदार काट देते है जिनका सीधा किसान पर पड़ता है और उनक चैन साहब ने सवा

छः एकड़ से ऊपर भूमि रखने वाले किसान पर सवा 33 परसैंट सरचार्ज लगा दिया है पर मुझे खु ाी होती है अगर सरकार कोई सीमा निर्धारित कर देती कि जिन के पास 15 या 18 एकड़ से ऊपर भूमि हो, उस पर यह टैक्स लगाया जायेगा। चेयरमैन साहब, पिछले दफा सरकारने सवा एकड़ तक का जो मालिया माफ किया था, वह भी किन्ही वि ोश परिस्थितियों के कारण ही किया था, इस समय मे उसके डिटेल मे हनी जाना चाहती कि वे कारण क्या थे ? किसानो को जो हमारी सरकार ने अपने घोशणा पत्र मे वि वास दिलाया था, उसको तो पूरा किया गया है।

श्री भाम ोर सिंहः चेयरमैन साहब, बहन जी ने जिन परिस्थितियों का जिकर किया हे, उन परिस्थितियों के बारे जरा एक्सप्लेन कर दे ताकि सदन को भी इस बारे जानकारी प्राप्त हो सके।

श्रीमती भाांति देवीः यह हमारी अपनी पार्टी का सवाल है, चौधरी भाम ोर सिंह जी को क्यों इस बात की चिंता हो रही है ? चेयरमैन साहब, सवा छः एकड़ तक जो मालिया सरकार ने साफ किया था वह है कोई लगभग 1 करोड़ 40 लाख और अब इन्होंने किसानो के ऊपर 1 करोड़ 30 लाख के करीब टैक्स लगाये है, पहले से यानि 10 लाख कम से टैक्सिज लगाये गये है। आप देख लीजिये कि हमारी जनता सरकान ने किसाना`को कितनी छूट दी है, मैं हैरान हूं कि जैन साहब ने पता नही किस भूल के कारण ऐसा कर दिया है, वरना तो मामला साफ था। चेयरमैन साहब,

इससे आगे मैं राज्य परिवहन के बारे मे कुछ कहना चाहती हूं। मेरे भाई बूरा साहब ने भी एक ध्यानाकर्शण प्रस्ताव रखाथा कि हमारे हरियाणा प्रांत मे परिवहन की हालत अच्छी नही है। चेयरमैन साहब, हमारे सभी भाई जानते है कि परिवहन की हमारे हरियाणा मे कैसे बुरी हालत है। रोहतक के अंदर सात बसिज खराब पड़ी है और वह वर्क ाप मे खड़ी कर रखी है। इसी प्रकार से मैं सोनीपत के अंदर भी खराब बसों के आंकड़े बता सकती हूं परंतु मुझे खेद है कि यहां पर चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी साहब ने कितने गल्त आंकड़े दिये है।

चेयरमैन साहब, मैं आपको बताना चाहती हूं कि कांग्रेस सरकार ने 60 परसैंट के करीब भाड़े वृद्धि की थी और इसके इलावा हमारी जनता सरकार साढ़े 12 परसैंट भाड़ा और बढ़ाना चाहती है, इसलिये मैं जैन साहब से यह पूछना चाहती हूं कि ऐसा करने से क्या एक छोटे से छोटे आदमी पर, गरीग परिवारो पर जो कि बसों मे सफर करते है, इसका असर नही पड़ेगा ? मुझे खु ी होती आप अगर सरकार की आमदनी बढ़ाने के लिये कोई और तरह का तरीका निकालते। इसलिये मेरी जैन साहब और अपनी सरकार से अपील है कि कम से कम गरीबों को इससे राहत जरूर मिलनी चाहिये और मुझे आ ा भी है कि वे भविश्य मे कभी ऐसा नहीं होंने देंगे।

चेयरमैन साहब, इससे आगे मैं कर्मचारियो के बारे मे भी दो चार बातें यहां हाउस के सामने रखना चाहती हूं । इस

बारे मे एक बड़ा ही महत्वपूर्ण मामला यहां हाउस मे आया और हमारे मुख्य मंत्री महोदयने यह न देखते हुए कि कितने व्यक्ति इससे प्रभावित है, कह दिया कि मुझे कुछ रूचि नही है। यहां पर कर्मचारियों की सामान्य रिपोर्ट का जिकर चला रहा था जिसको एवरेज रिपोर्ट कहते है। जो कर्मचारी, अधिकारी है और बेचारे भारीफ व ईमानदार है और अपने कर्तव्य का पालन पूरी तरह से निभाना चाहते है, उनको तंग करने का करने का सामान्य रिपोर्ट का रास्ता बीच मे से निकाल लिया गया है ओर जब कभी उन बेचारो की बदकिस्मती से 15 या 20 सालो के बाद प्रमो ान वगैरह का चांस आता है तो सामान्य रिपोर्ट का हवाला देते हुए, उनको बीच मे ही लटकाया जाता है, देखिये। कितना बड़ा खिलवाड़ कर्मचारियो के साथ हो रहा है ? जो कर्मचाई ईमानदारी से काम करते है, अपने कर्तव्य का पूरी तरह से पालन करते है आप इंस्पैक ान करवा के देख लीजिये जो चम्चागिरी मे वि वास नही रखते, वे यूंही के यूंही बैठे रहते है। ऐसा होता है कि ऐसा कर्मचारियों को लटकाया जाता है। इसलिये मैं अपने चीफ मिनिस्टर साहब से यह प्रार्थना करूंगी कि यह सामान्य रिपोर्ट वाला सिलसिला खत्म किया जाये और जिन के विरूद्ध कोई बैड या सामान्य रिपोर्टस हो, उनको साफ तौर पर रिमार्कस कनबे किये जायें।

चेयरमैन साहब, अब मैं अध्यापकों के बारे मे यहां पर कहना चाहती हूं आप को पता ही है कि हरियाणा मे जनता राज्य को लाने का प्रमुख पार्ट अध्यापको ने ही अदा किया है.....।

डा. बृज मोहन गुप्ताः चेयरमैन साहब, आपने 20–20 मिनट सभी के लिये बोलने का समय रखा है। आधा आधा घण्टा अगर मैंबरों को बोलने की इजाजत दी जायेगी तो यह उचित नही रहेगा।

श्रीमती भाांति देवीः मैं अध्यपको के बारे मे जिकर कर रही थीं अगर पिछली बंसी लाल की सरकार के साथ किसी ने टक्कर ली थी तो वह हरियाणा के अध्यापकों ने ही ली थी चाहे आप इसको अपोजी ान कह लो या हरियाणा के अध्यापक का नाम दे दो। इस बात को स्वय बंसी लाल जी भी स्पीकार किया थ कि अगर कोई अपोजी ान है तो वह अध्यापक गर्व ही है। चेयरमैन साहब, एक और बड़ा अहम मसला है जोकि मैने पहले भी रखा था। वह था मकान के भते और मैंडीकल के बारे में। कई बार प्रयास करने के बावजूद भी गांवो के लोग इस प्रकार की सहूलियतो से वंचित रह जाते है और जो चण्डीगढ़ के अंदर कर्मचारी बैठ हुए है, आप आंकड़े मंगवा करके देख लीजिये । इस बात की इंकवारी के लिये मेरे भाई सतबीर सिंह जी ने पग उठाये थे लेकिन यह मामला आज तक लटक रहा है, वे तो महीने मे कई कई सौ रूपये मैडिकल भत्ते के ले जाते है और जो देहात मे बैठे है उनको कुछ भी नही मिलती है, इसलिये मैं चाहूंगी कि यह

सहूलियत चाहे आप चार चार या पांच पांच रूपये की भाक्ल मे दे लेकिन सब को मिलनी चाहिये। इस पर हर कर्मचारी का अधिकार होना चाहिये। होता यह है कि कुछ कर्मचारी तो दो दो सौ और अढ़ाई अढ़ाई सौ रूपये मैडिकल भत्ता ले जाते है लेकिन बाकियो को कुछ नही मिलता । इसी तरह से जो कर्मचारी भाहरो मे रहते हे उनको हाउस रैंट की भी सुविधा दी जाती है। मैं यह नही चाहती कि उनको यह सुविधा न दी जाये लेकिन मैं तो यह चाहती हूं कि जो कर्मचारी देहात मे काम करते हे उनको भी यह सुविधा दी जानी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि जो यहां पर अध्यापक विधायक है वे मेरी इस बात का समर्थन करेंगे और इनके इलावा जो दूसरो विधायक है वे भी इसकी पुरजौर ताईद करेंगे। इसके बाद मैं एच.सी.एस. और आई.ए.एस. आफसरो के बारे मे कहना चाहती हूं कि इनको हर विभाग मे थोप दिया जाता है। मेरी प्रार्थना यह है कि 50 प्रति ात कोटा टैक्नीकल आदमियो के लिये रखा जाना चाहिये जिनको नीचे से लेकर ऊपर तक का तजुरबा होता है। आप रोड़वेज मे रेखे। डिपो का जो जनरल मैनेजर होता है वह भी एच.सी.एस. को लगा दिया जाता है । एक इन्होंने एक डी.एस.पी. लगाया हैं यह भी तजुरबा देख लेंगे कहां तक कामयाब होता है। पुलिस एक डी.एस.पी. लगाया है। यह भी तजुरबा देख लेंगे कहां तक कामयाब होता है। पुलिस के बारे मे हमे लोग जानते है कि ये लोग क्या करते है। कहीं बीमारी को दूर करते करते बीमारी और न बढ़ा ले । इसलिये मेरील प्रार्थना है कि जिन लोगो की इतनी इतनी सर्विस हो गई है उनका भी ध्यान रखा

जाये। यानी उनको मिलना चाहिए । चेयरमैन साहब, मैं सरकार से यह भी प्रार्थना करूंगी की प्राइमरी निदे ाालय को अलग कर दिया जाये ताकि जे.बी.टी. टीचरो के केसिज का जल्दी से निपटारा हो सके। इसके बाद मैं मुख्य मंत्री जी को कहूंगी कि हमारे सोनीपत जिले मे अब तक बस डिपो नही बना है। वहां पर 29 तारीख को बिल्डिंग तैयार हो जायेगी इसलिये मेरी प्रार्थना है कि अगला जो डिपो बनाया जाये वा सोनीपत मे ही बनाया जाये। एक छोटी सी बात मैं और कहना चाहती हूं कि हमारी जनता सरकार ने जितनी आजादी बहाल की है उतनी भाायर कांग्रेस वालो ने कभी सोची भी न हो। आज सब लोग सुख से सो रहे है। इसके अलावा मुख्य मंत्री जी से मैं थोड़ी से और उपेक्षा करूंगी और मुझे उम्मीद है कि मंत्रिगण तथा अन्य विधायक भी मेरे से सहमत होंगे। यह बात यह है कि हम लोग गरीब परिवारो से आये है और जो अब से पहले राज कर चुके है, वे बड़े परिवारो से ताल्लुक रखते थे। उनको यह नही पता था कि गरीबी क्या होती है। उनको तो एक ही लगन थी कि किसी तरह से धन बटोर लिया जाये। मेरे कहने का मतलब यह है कि हमें कोठियो, कारो और टैलीफोन का खर्च घटाना चाहिए ताकि जनता को इस चीज से एक नई झलक नजर आ सके। इसके अलावा जो विधायक बड़ी बड़ी कार्पोरे ांज के चेयरमैन है उनको भी अस्तीफा देकर मैंदान मे आ जाना चाहिये । ऐसा करने से लोग बहुत खु ा होंगे। भाायद जैन साहब मेरे से नाराज हो कि मैं सारे टैक्सो को ही वापिस करवाना चाहती हूं । मैं तो चाहती हूं कि आप एक दो

टैक्सों को छोड़ कर बाकी सारे टैक्स वापिस ले लो। अगर आप बगैर टैक्स के भी देहात का विकास करना चाहते है तो मैं आपको एक तरीका बताती हूं। आप मगर इंकम टैक्स और सेल्ज टैक्स की सैंट–परसैंट वसूली कर ले तो मेरा ख्याल है आपको कोई भी नया टैक्स लगाने की जरूरत नही पड़ेगी। इन सुझावों के साथ मैं आपका भाुक्रिया अदा करते हुए अपना स्थान लेती हूं।

कामरेड भांकर लाल (सिरसा): चेयरमैन साहब, यह बजट जनता का बजट है इसको तीन भागों मे बांटा जा सकता है। एक तो यह कि जब से हमारी जनता सरकार बनी है इससे जनता की भलाई के कौन कौन से काम किये है। इस बारे मे मेरे काफी साथियों ने भी बताया है। जेसे फलडछ आए उस समय हमारी सरकार ने जनता के हिले बहुत ज्यादा काम किया हैं यह काम सराहना के लायक है। दूसरे इस सरकार ने किसानो के कलये ब्याज की दर 14 प्रति ात से घटाकर 11 प्रति ात कर दी यह भी बहुत सराहनीय कदम हैं जब से जनता सरकार बनी है तब से हमारी सरकार की हर यही कोि ा ा रही है कि वह किसान को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाए। इसमे कोई दो राय नही है मगर किसी कारण से इस बजट मे कुछ बाते रही गई है। वे भी यहां बतानी बहुत जरूरी है। मेरे दोस्तो। इस बजट के अंदर एक सवाल जो हाउस के अंदर ज्यादा उठाया जाता है वह है भाहरी सम्पदा के बारे मे। यह सवाल चाहे कोई भी सरकार हो, उसमे उठाया जाना अच्छा नही है। सवाल तो इस वक्त कमाने वाले और

लूटने वाले का है। कई कहते है कि यह बजट लूटने वालो पर लागू होता है और कमाने वालो के ऊपर तक जो भी टैक्स लगते है, चाहे बसों के किराये पर टैक्स लगाया गया हो, यह तो गरीब जनता पर ही लगता है क्योंकि कारों पर चलने वाले तो बसों मे जाते नही है। इसलिये मैं कहता हूं कि बसों के किराये मे जो इस सरकार ने वृद्धि की है। जो 12½ प्रति ात भाड़ा बढ़ाया है, इसे सरकार वापिस ले। यह ठीक है कि सालो से लगातारा किराये बढ़ते जा रहे है । किसी बात की हद होती हैं इसके अलावा यह भी जरूरी है कि जिन बसों मे लोग चलते है उनकी हालत बहुत खराब है, उनकी हालत को सुधारा जाये। इन बसों की काफी घटिया हालत है। दिल्ली से जो बस चण्डीगढ़ के लिये आती है। उसकी खिड़कियां और दरवाजे टूटे हुए है। यह सबसे अच्छी रोड है इस पर तो चलने वाली बसों की अच्छी हालत होनी चाहिए। हरियाणा रोडवेज की की है। जो बसें हरियाणा के कच्चे रास्तों पर चलती है वे तो और भी टूटी फूटी हालत हालत मे है। लम्बे रूट की बसें अगर रास्ते मे खराब हो जाये तो उनको उनके डिपो पर ही ठीक कराने के लिये लाया जाता है । अगर चण्डीगढ़ डिपो की बस है और वह करनाल के नजदीक खराब हो जाती है तो उसे बजाये नजदीक के डिपो करनाल मे ले जाने के उसे खींच कर चण्डीगढ़ लाया जाता है। अगर दिल्ली के अंदर कोई बस खराब हो, चाहे वह किसी भी डिपो की बस है उसे उसके डिपो पर ही ले जाया जाात है। उसको नजदीक के डिपो पर ले जाया जाना चाहिये। चण्डीगढ़ डिपो वाली बस को ठीक करवाने के लिये

करनाल भी तो ले जाया जा सकता है । इसी तरह सरकार को काफी पैट्रोल का खर्च उठाना पड़ता है, राजस्थान मे भी लगता है, दिल्ली मे भी लगता है परंतु सबसे ज्यादा सेल्ज टैक्स हरियाणा मे हमारी सरकार ने लगा रखा है। यह टैक्स चाहे किसी चीज पर लगे लेकिन हमारे यहां ज्यादा है। दिल्ली मे माचिस पर 5 प्रति ात सेल्ज टैक्स लगता है परंतु हमारे हरियाणा मे यही सेल्ज टैक्स 7 प्रति ात लगता है । यह तो हमारी सरकार दिल्ली सरकार को मजबूर करे कि सेल्ज टैक्स बिल्कुल न लगाया जाये अगर वह सरकार दबाव मे नही आती तो आप भी उसी दर से सेल्ज टैक्स लगाये जो दूसरी स्टेट्स मे है।

इसी तरह से यहां पर गांवो मे उद्योगीकरण की बात चल रही है। यहां पर किसानो और देहातो की बात होती है लेकिन उनको पूछने वाला कोई नही है। सेल्ज टैक्स को खत्म किया जाये हमारे घोशणा पत्र के अंदर कहा गया है कि हरियाणा सरकार सेल्ज टैक्स खत्म कर देगी। इसमे कोई दो बात नही है । मेरे दोस्तों ने भी कुछ बातें की है। मैं इस बारे मे कहूंगा कि चौथी श्रेणी के कर्मचारी आज धरना दे कर किया है और तीसरी श्रेणी के कर्मचारी क्लर्कस जो लगे हुए है, उन्होंने क्यार कसूर किया है ? पिछले दिनो जब हजारो मास्टरो को रैगुलर किया गया है तो इन 7 हजार क्लर्को को क्यो नही रेगुलर किया गया ? एक बड़ी खु ाी की बात और है कि हमारे चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी और चीफ मिनिस्टर साहब नेउससे परसो बातचीत की है और कुछ

वायदा भी किया है। इन गरीब लोगो का भला करना चाहिए । हमे कहते है कि समाज का भला हो, समाज मे सबसे पहले वे लोग आते है जिनकी जमीने है उनकी जमीनों पर साढ़े 33 प्रति ात लगान लगाया जा रहा है। इसके साथ आबियाने पर 10 प्रति ात टैक्स लगया गया है। सरकार पानी का एक रूपये तक फीस किलले लगान लेती है ओर आबियाना 25 रूपये से 45 रूपये तक लेती है, यह मै अंदाजन कह रहा हूं। तरह तरह की फसल पर तरह तरह की दर से आबियाना लगता है। सबसे पहले 6.25 एकड़ जिस किसान के पास जमीन हे उस पर लगान नही लगता परंतु उस पर पानी का टैक्स लगता है। जब सरकार ने यह कह दिया है कि 6.25 एकड़ जमीन वाले किसान को सरकार मदद देगी तो उनकी जमीन पर से मालिया यानी रेवेन्यू खत्म किया जाये। सबसे बड़ी बात यह है कि यह खेती टोटे का सौदा है मगर यह अच्छा फायदे वाला काम होता तो ये पढ़े लिखे लोग, वकील और आई.ए. एस. अफसर सभी लोग खेती न करने लग जाते। खेती टोटे का सौदा है घाटे का सौदा है। दूसरे मूल्को मे जैसे अमेरिका आदि मे 50 प्रति ात लोग खेती करते है उसके मूकाबिले पंजाब और हरियाणा में 80 प्रति ात लोग खेती पर निर्भर करते हैं – चाहे वे खेतिहर मजदूर हों, चाहे छोटा किसान हो, चाहे मुजारा हो, चाहे रेढ़ेवाला हो। यह खेती का सौदा टोटे वाला है। खेती पर हर किस्म के जो लगान लगते हैं, वे माफ कर देने चाहिए। मैं इसमें कोई दो राय नहीं रखता। दूसरी बात मैं यह कहता हूं कि सरकार काफी फिजूल खर्च करती है उनका इस्तेमाल बन्द किया जायें .....

.... (विघ्न) तीसरे जो कारपोरे ान्ज के चेयरमैन कम से कम 30 बना रखे हैं और 22–23 और बनाना चाहते हैं, उनकी संख्या कम होनी चाहिए। इन पर करोड़ों रूपया खर्च किया जाता है। ये सरकार के सिर पर सफेद हाथी की तरह से है। चेयरमैन साहब, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि यह जो लम्बी कारें और यह जो बड़े बड़े बंगले व र्प्यटन केन्द्र भाहरों मे बने हुए है जब तक यह परिस्थितियां ठीक नही होंगे तब तक गरीबी दूर नही हो सकती। आप इन सब चीजों को बनाना बंद कर दें और गरीबों का काम करे। चेयरमैन साहब, मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि इस दे ा के अंदर गरीब पाताल में बैठा हुआ है और अमीर आसमान पर बैठा हुआ हैं जब तक अमीर को आसमान से नीचे और गरीब को पाताल से ऊपर नही लाया जायेगा तथा इनको बीच मे नही लाया जायेगा तब तक गरीबी दूर नही होगी। इसके अलावा मैं यह कहना चाहता हूं कि काला धन, नम्बर दो का धन जिस किसी के पास सरकार को पता लगे वह धन उससे छीन करके सरकार अपने कब्जे मे ले ले और उसे सरकार के खजाने मे डाला जाये ताकि इस घाटे को पूरा किया जा सकें दूसरी बात मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि जो भाराब के ठेके है, जो न ाली चीजें है और यह जो ऐ ाोआराम की बड़ी बड़ी चीजें है इनके ऊपर सबसे ज्यादा टैक्स लगाये जायें और गरीबों पर टैक्स न लगाए जाये।

अब मैं हलवाईयों के बारे मे कहना चाहता हूं कि उन पर टैक्स न लगाये जायें। हलवाई पैसे का हिसाब नही रख सकता

है क्योंकि कोई एक रूपये की मिठाई लेता है और कोई चार आने की मिठाई लेता है। हलवाई मैदा खरीदता है तो उस पर भी सेल्ज टैक्स लगता है। और यदि दूसरी जीच कोई खरीदता है तो उसे पहले ही टैक्स लग जाता है। इसलिये मै ंप्रार्थना करता हूं कि हलवाईयों पर टैक्स न लगाया जाये। चेयरमैन साहब, मैं एक बात साफ कह देता हूं कि जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस सरकार से अच्दी सरकार है। इस सरकार मे 20 परसैंट का नुक्स आया है उसको भी हम ठीक करेंगे और हम इसको रास्ते पर लाएंगे । कांग्रेस के भाासन मे तो सौफीसदी खराबी आ गई थी। जब श्रीमती इन्दिरा गांधी कहीं पर भी आती थी तो श्रीमती इंदिरा गांधी को लाखो रूप्ये की मालाएं डाली जाती थी.....(ाोर व व्यवधान)..... श्रीमती इंदिरा गांधी को खु ा करने के लिये उसके गले मे लाखों रूप्ये की.....(ाोर)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: आन ए प्वायंट आफ आर्डर । कामरेड भांकर लाल जी ने यह जो मालाओं का जिक्र किया है तो क्या इन्होंने जो किसान रैली के लिये ब्यान दिया था, उसे विदड्रा करेंगे ?

श्री सभापतिः चौधरी जगजीत सिंह पोहलू जी, आप बैठिये।

कामरेड भांकर लालः चेयरमैन साहब, आज जनता मे पूंजीवादी धारणा फैलती जा रही है। किसी नेता को चांदी से

तोला जाता है, किसी नेता को नोटो की थैलियों से खु ा किया जाता है और किसी नेता को इस दे ा के अंदर ज्यादा से ज्यादा पूंजी दिखा करके लुभाया जाता है। यह बीमारी सबसे ज्यादा कांग्रेस भाासन मे थी। इसके अलावा मैं एक और बात कहना चाहता हूं कि 23 तारीख को हमारे हरियाणा के कुछ लोगो ने 2 करोड़ रूप्ये इकट्ठे करके दिल्ली मे चौधरी चरण सिंह जी को दिये। (ाोर)

श्री सभापतिः कामरेड भांकर लाल जी, अब आप बैठिये, आपका समय हो गया है। अब डाक्टर मंगल सैन बोलेंगे।

कामरेड भांकर लालः चेयरमैन साहब, अभी मैंने अपना प्वायंट खत्म नही किया। मुझे अपना प्वायंट खत्म तो कर लेने दीजिये.....(व्यवधान)

श्री सभापतिः भांकर लाल जी, आप बैठियें आपका समय समाप्त हो गया है और मैंने डाक्टर मंगल सैन जी को कालअपोन कर लिया है। आ बैठिये।

उद्योग मंत्री (डा. मंगल सैन): चेयरमैन साहब, म। आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि पिछले तीन दिनों से सदन मे बजट पर अपोजी ान की ओर से भी और ट्रेजरी बैंचिज की ओर से भी विचार प्रकट किये जा रहे है। मैं बहुत खु ा हूं कि लोगो ने बड़े कंस्ट्रक्टिव सुझाव दिये.....

राव बीरेन्द्र सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। मैं यह कहना चाहता हूं कि कामरेड भांकर लाल जी अपना एक प्वायंट कहना चाहते थे वह उनका पूरा नही हुआ था। किसी मैंबर का प्वायंट जब तक पूरा नह हो तब तक किसी दूसरे मैंबर को टाईम नही मिलना चाहिए।

श्री सभापतिः उनका समय हो गया है, आप बैठियें

डा. मंगल सैनः राव साहब ने कहा कि उनका प्वायंट पूरा नही हुआ है। यह उनकी गलतफहमी है। यह फैसला चेयर ने सोच समझ कर किया है। खैर, मैं यह बात कहना चाहता हूं कि सदन मे बजट पर बहस चल रही है। मैंने अपोजी ान की तरफ से काफी बातें सुनी है। चेयरमैन साहब, बाकी उनकी बातो का जवाब तो मेरे आदरणीय वित्त मंत्री जी दे देंगे। मैं तो अपने विभाग के बारे मे कुछ बातें कहना चाहता हूं। आज मेरे भाई भाम ेर सिंह सदन से वाक आउट कर गये और फिर वापिस भी लौट आये। 25 मिनट तक सदन मे बोल भी लिये और बाद मे वाक आउट भी कर गये ताकि कल अखबार मे उनका नाम आ जाये.....

राब बीरेन्द्र सिंहः जो आप बोल रहे है, क्या यह आपके विभाग से ताल्लुक रखता है ?

डा. मंगल सैनः जी हां, जो कुछ अपोजी ान ने कहा है उनके सवाल का करारा जवाब देना मेरा फर्ज बनता है। कुछ माननीय सदस्य तो स्वागत मे लगे हुए थे और भीड़ भाड़ मे व्यस्त

थे। ठीक है उन्होंने व्यस्त होना ही था, उनका काम था, वहां जाना ही था। चेयरमैन साहब, जनता पार्टी की सरकार के सता मे आने के बार औद्योगिक क्षेत्र मे बड़ी सराहनीय प्रगति हुई है। यह ठीक है कि हरियाणा स्टेट मूल रूप से बेसिकली एक कृशि प्रधान स्टेट है, जैसा कि बजट के आंकड़ों से जाहिर होता है....

श्रीमती सुशमा स्वराजः आन ए प्वायंट आफ आर्डर । सभापति महोदय डा. मंगल सैन जी अपने विभाग के बारे मे जवाब देने के लिये खड़े हुए है। मैं आप से कहना चाहती हूं कि अभी तो बजट पर चर्चा चल रही है और अभी तो बहुत से सदस्रों ने बजट पर बोलना है। इनके विभाग के बारे मे कई भाक भ्राुबहा, संदेह, भ्रांतियां सामने आयेंगे जिनका जवाब इनको देना पड़ेगा। अगर डा. साहब बहस समाप्त होने के बादे बोलें और उसके बाद जवाब दे तो सदस्यों को तसल्ली हो जायेगी। अगर बीच मे बोलंगे तो जो संदेह हमने कल की बैठक मे सदन के सामने रखने है, वे बिना जवाब दिये रह जायेंगे ओर अगर दोबारा बोलेंगे तो सदन का समय नश्ट होगा। वैसे भी सारे सदस्यों के बोलने के बाद ही मिनिस्टर जवाब देता है ताकि सारे सदस्यो की तसल्ली हो जाये।

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, हाउस की कन्वैं ान है कि अगर मिनिस्टर बैठा हो तो वह बतौर मैंबर बोल सकता है। जहां तक जवाब देने का ताल्लुक है, जवाब देने की ज्वायंट रिस्पंसिबिलिटी होती है और अगर कोई बात रह जाये तो फाइनस मिनिस्टर जवाब दे देंगे। ऐसी कोई कन्वैं ान नही है कि

बजट डिस्क ान के बीच मे मिनिस्टर को जवाब देने की इजाजत न हो, वह बीच मे बोल सकता है।

श्रीमती सुशमा स्वराजः अगर वे सदन के सदस्य की हैसियत से बोले तब तो ठीक है लेकिन डा. साहब बोलने के लिये खड़े हुए तो उन्होंने कहा कि उनके विभाग के बारे मे कुछ बातें कही गई है और इन्होंने उद्योग विभाग के बारे मे बोलना भाुरू कर दिया । वे सदस्य ही हैसियत से नही बोल रहे, मिनिस्टर की हैसियत से बोल रहे है।

Dr. Mangal Sein: I can do it both ways. Madam, you are not the final authority to judge.

श्री सभापतिः कोई भी मिनिस्टर हाउस मे अपनी क्लैरिफिके ान दे सकता है (व्यवधान)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः चेयरमैन साहब, जब तक सारे मैंबर साहिबान न बोल ले तब तक मिनिस्टर को बोलने की इजाजत न दी जाये (व्यवधान)

श्री सभापतिः अगर मिनिस्टर किसी बात के बारे मे जवाब देना जरूरी समझते है तो वे जवाब दे सकते है, दो दफा बोल सकते है (व्यवधान) आज बहस खत्म नही हो रही। (व्यवधान) मैं सदस्यों को बताना चाहता हूं कि अभी बजट पर बहस आगे चलेगी।

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः मैम्बर साहिबान को बोलने का टाईम अलाट होता है उसी तरह मिनिस्टर को आईम अलाट होता है (व्यवधान) रिप्लाई देने का टाईम मिनिस्टर की अलाट होता है... .....

Mr. Chairman: I have givenmy ruling. A Minister can clarify any point at any time during the debate.

Chaudhri Birender Singh: He is not particupating in the debate as a member because he has said that he is giving a reply to the points relating to his department.

डा. मंगल सैनः चेयरमैन साहब, मुझे खेद है और मेरी हम्बल सबमि ान है आदरणीय मैंबरों से कि जो भाको भाुबहा, इतराजात, खद ााजात रह जायेंगे, वे ऐप्रोप्रिए ान बिल पर बहस करते वक्त बता दें, उनका जवाब मैं पूरा दूंगा, लेकिन इस वक्त मुझे बोलने का अधिकार है और यही कन्वै ान है। बहन जी, नयी नयी मैंबर बनी है, जरा रूल्ज का उठकर देखे ले तो सब मालूम हो जायेगा। चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि जब से जनता पार्टी सत्ता मे आई है.....

कामरेड भांकर लालः चेयरमैन साहब, अभी मैंने बहुत कुछ कहना है, मुझे और टाईम दीजिये (व्यवधान)

श्री सभापतिः मैंने आपको बैठने के लिये कह दिया है। लेकिन अब भी आप खड़े है। अगर ऐसे ही खड़ा रहना चाहते है तो अपकी मर्जी। (व्यवधान)

स्वामी अग्निवे I: आन ए प्वायंट आफ आर्डर। चेयरमैन साहब, कामरेड साहब कुछ बातें कहने वाले है, उनकी बात अभी पूरी नही हुई है। (व्यवधान) अगर आप पहले यह कह देते कि दो मिनट मे खत्म कर दो.....(व्यवधन व भाोर)

Mr. Chairman: This is no point of order. Please take your seat.

डा. मंगल सैन: सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जब से जनता पार्टी सत्ता मे आई है तब से सरकारने ग्राम विकास के लिये, गांवो मे रहने वाले किसान, मजदूर के लिये और अनुसूचित तथा पिछड़ी जातियों की उन्नति और विकास के लिये हमे ाा प्रयत्न ाील रही है और यही कारण है कि सरकार द्वारा बजट का बहुत बड़ा हिस्सा ग्रामीण विकास की ओल लगाया जा रहा है। चेयरमैन साहब, सरकार ने उद्योग की ओर ध्यान दिया है.....

राव बीरेन्द्र सिंह: आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। चेयरमैन साहब, हमारे माननीय सदस्य कामरेड भांकर लाल जी खड़े है, वे कुछ कहना चाहते है। उन को बैठा कर ही हाउस की कार्यवाही आगे चलनी चाहिए (व्यवधान) हाउस की कार्यवाही चलाने के लिये आर्डर रैस्टोर किया जाये या मैंबर साहब को बैठाया जाये। वे इस बात का इंतजार कर रहे है कि उनको बोलने का मौका दिया जायेगा (व्यवधान)

श्री सभापतिः उनको बैठने के लिये कह दिया गया था (व्यवधान)

राव बीरेन्द्र सिंहः अगर इनकी तरह हम सारे अपनी सीटों पर खड़े हो जायें तो ठीक नही रहेगा। (व्यवधान) मैं आपसे दरख्वास्त कर रहा हूं कि अनु ाासन कायम किया जाये।

श्री सभापतिः मैं कोि ा ा कर रहा हूं और आपके साथी भी बगैर बात के वाक आउट करते है। (व्यवधान)

राव बीरेन्द्र सिंहः बगैर बात के वाक आउट नही किया है (व्यवधान)

श्री सभापतिः उनको बोलने के लिये आधा घंटा दिया even then he staged a walk out.

राब बीरेन्द्र सिंहः क्या आप इसका बदला निकाल रहे है (व्यवधान) अगर आप बदले तौर पर करना चाहते है तो ठीक है (व्यवधान)

श्री सभापतिः राव साहब, आप बैठ जाईये।

डा. मंगल सैनः चेयरमैन साहब, आपने राव साहब को कुछ नही कहा और उनका बार बार आपके ऊपर संदेह करना ठीक नही है, चेयर पर रिफलैक ान नही करना चाहिए। चेयरन की बात को सिर झुका कर मानना चाहिए और हमारे हाउस का डैकोरम इसी बात पर निर्भर करता है। हां, मैं कह रहा था कि दे ा मे

बेकारी, बेरोजगारी, भूखमरी जो कांग्रेस सरकार की वजह से दे ा मे आई थी और जिसके कारण इस दे ा के गरीब लोगो ने, गांव मे रहने वाले बेकार और मेहनतक ा लोगो ने, झुग्गी झोंपड़ियों मे रहने वाले गरीब आदमियों ने, कांगेस के कु ाासन को उखाड़ कर इनको खदेड़ दिया था और आज ये बार बार उछल रहे है.....

श्री भाम ोर सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। डा. मंगल सैन जी ने मेरे सवाल का जवाब (विघ्न)

डा. मंगल सैनः सवाल का वक्त नही है, आप सवाल की बात कर रहे है, कोई मतलब की बात है (व्यवधान) आप खाहमखाह बोल रहे है। चेयरमैन साहब, बड़े अफसोस की बात है, अगर इसी तरह डिस्टरबैंस होती रही तो हाउस की कार्यवाही कैसे चलेगी ?

Mr. Chairman: The hon. Minister may please resume tomorrow, if he so likes.

The House now stands adjourned til 9.30 a.m. tomorrow, the 22nd March, 1979.

13.00 Hours

(The Sabha then *adjourned til 9.30 a.m. on Tuesday, the 22nd March, 1979.)